नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 271 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, बुधवार 26 जुलाई 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in




पेज -4 पर सेन्ट्रल वर्क्सशाप एसईसीएल में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ..



बोल बम का नारा है, बाबा एक सहारा है का उद्घोष करते हुए खिलोरा .... पेज -7 पर

## नग्न प्रदर्शन मामलाः प्रदर्शनकारियों को कोर्ट से झटका, अभी रहना होगा जेल में



**रायपुर।** राजधानी में नग्न प्रदर्शन करने वाले प्रदर्शनकारियों को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने सभी प्रदर्शनकारियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। मालूम हो कि 18 जुलाई को 29 युवकों ने फर्जी जाती प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी करने वाले 267 लोगों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राजधानी में नग्न प्रदर्शन किया था। पुलिस ने मामले में विधानसभा रोड, आमा सिवनी मोड़ के पास से 29 प्रदर्शनकारियों को पकड़ा था। पुलिस ने युवकों के खिलाफ थाना विधानसभा में धारा 146,147, 353, 332, 294 के तहत अपराध दर्ज कर जेल भेज दिया गया था। प्रदर्शनकारियों के द्वारा जमानत के लिए अर्जी लगाई गई थी। आज इस मामले में सुनवाई करते हुए रायपुर जिला कोर्ट ने जमानत आवेदन को खारिज कर दिया। दरसअल, 29 प्रदर्शनकारियों ने फर्जी जाती प्रमाण पत्र के सहारे 267 लोगों के द्वारा नौकरी करने वालों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नग्न प्रदर्शन राजधानी में किया। मामले में पुलिस ने सभी 29 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। विधानसभा मानसून सत्र के दौरान 18 जुलाई को फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे 267 लोगों के द्वारा नौकरी करने वालों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नग्न प्रदर्शन करने लगे। आमा सिवनी मोड़ के पास विधानसभा रोड में नग्न प्रदर्शन करने आये प्रदर्शनकारियों को ड्यूटी में तैनात पुलिस बल के द्वारा रोकने काफी प्रयास किया गया, लेकिन प्रदर्शनकारी बातों को ना मानकर उग्र हो गये। अश्लील अवैधानिक प्रदर्शन को रोकने हेतु पुलिस बल द्वारा उन्हें हिरासत में लिया गया जिस दौरान पुलिस से झूमाझटकी भी हुई।

## नियमितीकरण पर संकट! संविदाकर्मियों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ, आज घुटनों के बल चलकर सरकार से करेंगे अपील

*रायपुर। कांग्रेस सरकार के अनुपूरक बजट में नियमितिकरण वादे पूरे होने की आस संविदाकर्मियों की थी, किंतु यह कामना पूरी नहीं हुई. पौने पांच साल में वादे पूरे नहीं होने और 22 दिनों के निरंतर हड़ताल के बावजूद मांग पूरी नहीं किए जाने से नाराज संविदा कर्मचारियों ने आज हनुमान चालीसा का पाठ कर नियमितिकरण के संकट को हरने हनुमान जी से प्रार्थना की।*



धरना स्थल तूता का माहौल मंगलवार को उस समय भक्तिमय हो गया, जब हजारों की संख्या में राज्यभर से आए संविदा कर्मचारी हनुमान चालीसा गाकर हनुमानजी से अर्चना करने लगे. इन संविदा कर्मचारियों का कहना है कि सरकार का अनुपूरक बजट भी निराशा के साथ बीत गया. सरकार की मंशा नियमितिकरण को लेकर साफ नहीं हो पा रही है, न ही सरकार संवाद कायम कर रही है, इसलिए नियमितिकरण पर छाए इस संकट के बादल को हटाने हम संकटमोचन हनुमानजी से अर्चना किए।

### संविदा कर्मचारी कल निकालेंगे संवाद रैली

*नियमितिकरण नहीं किए जाने से नाराज संविदा कर्मचारी बुधवार को संवाद रैली के माध्यम से सरकार को संवाद करने की अपील करेंगे. संवाद रैली में कर्मचारी घुटनों के बल और दंडवत प्रणाम करके मुख्यमंत्री से जन घोषणा पत्र के वादे संविदा नियमितिकरण को पूरा करने की अपील करेंगे. संविदा कर्मचारियों की हड़ताल अपने संगठन की एकजुटता, अनुशासन, अनोखे प्रदर्शन और कड़े संघर्ष के लिए पहले ही प्रदेश स्तर पर सुर्खियों में है. इन्होंने इन बीस दिनों में एस्मा कानून के विरोध में सामूहिक त्यागपत्र, हजारों की संख्या में जेल भरो आंदोलन और आमरण अनशन कर आमजन की सहानुभूति अर्जित किए हैं।*

## एक नजर

### जिला अस्पताल के लेबर वार्ड में लगी आग से मचा हड़कंप

**नारायणपुर-रायपुर ।** नारायणपुर स्थित जिला अस्पताल में अचानक लगी आग से हड़कंप मच गया। यह तो गनीमत रहा कि अस्पताल में उपस्थित कर्मचारियों ने फौरी एक्शन लेते हुए समय से पहले नवजातों को वार्डों से निकाल लिया।

सूत्रों ने बताया कि जिला अस्पताल के लेबर वार्ड में आगजनी से हड़कंप मच गया था। लेबर वार्ड में अचानक आग लगने से यहां उपस्थित लोगों में हड़कंप मच गया था। स्टॉफ नर्सों ने तत्काल नवजात बच्चों को बाहर निकाला। वहीं मरीज के परिजनों ने भी आग लगने के बाद तत्काल अपने-अपने परिजनों को बाहर निकाल लिया। वहीं अस्पताल स्टॉफ ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। वहीं, आग लगने की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है।

## उल्टी दस्त से पति पत्नी की असामयिक मौत, मोहल्ले में भय व मातम का माहौल

### आदिवासी ग्रामीण करवा रहे थे झोलाछाप डॉक्टर से ईलाज

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।




पति पत्नी के अचानक बीमारी से मौत हो जाने से मोहल्ले में मातम के साथ भय का माहौल देखा जा रहा है। कथित तौर पर जिसकी वजह महामारी उल्टी दस्त से ग्रामीण दंपति का मौत होना बताया जा रहा है।

हालंकि वहीं इस गंभीर माहौल के बाद धरमजयगढ़ स्वास्थ्य अमला चौकन्ना हो गया है और संबंधित ग्राम में हेल्थ कैम्प लगाकर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी राहत दिलाने स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है।

मौजूदा जानकारी के मुताबिक बता दें, धरमजयगढ़ क्षेत्र के ओंगना गांव के आश्रित मोहल्ला छातासराई में बीते दिनों अमरू राठिया और उनकी पत्नी तीजो बाई एक दिन पहले से उल्टी दस्त व बुखार से ग्रसित थे जिनका स्थानीय स्तर पर गांव में मौजूद झोला झाप डॉक्टर से उपचार कराया जा रहा था, इसी बीच गांव में महिला की मौत हो गई उसके बाद पति अमरू राठिया को धरमजयगढ़ हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी भी उपचार दौरान मौत हो गई। दिल को पसीज देनी वाली इस घटना के बाद धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल बीएमओ बीएल भगत द्वारा ग्राम में स्वास्थ्य कैम्प लगवाकर जांच व स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है ताकि इस अनजान भयंकर बीमारी से निपटा जा सके। धरमजयगढ़ बीएमओ बीएल भगत की माने तो दोनों पति पत्नी अमरू व तीजो बाई बुखार से ग्रसित थे जिनका वहीं झोला झाप डॉक्टर से उपचार कराया जा रहा था स्वास्थ्य ज्यादा बिगड़ने पर अस्पताल लाया गया था। जहां उनकी मौत हो गई है। बताना लाजमी होगा कि क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों के भरमार होने के बाद भी इन झोला छाप डॉक्टरों पर कार्यवाही नहीं हो रहा है जिसके चलते इन झोलाछाप डॉक्टरों के हौसला बुलंद है।

**झोलाछाप डॉक्टरों पे कार्यवाही नहीं होने से इनके हौसल बुलंद**

## 4 अगस्त तक जेल में रहेंगी आईएएस रानू साहू



**रायपुर।** कोल लेवी स्कैम मामले में गिरफ्तार IAS रानू साहू अब 4 अगस्त तक जेल में रहेंगी। उन्हें मंगलवार को रायपुर में विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में पेश किया गया था। इस दौरान कोर्ट में ईडी ने कहा कि हमारी पूछताछ पूरी हो गई है।


हमें और रिमांड नहीं चाहिए। जिसके बाद सुनवाई करते हुए कोर्ट ने साहू को सीधे ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया है। शनिवार को रानू साहू को अरेस्ट किया गया था। इसके बाद उन्हें उसी दिन कोर्ट में पेश किया गया था, जहां कोर्ट ने 25 जुलाई तक ईडी को रिमांड दी थी। हालांकि ईडी ने कोर्ट से 14 दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने 3 दिन की रिमांड ही दी थी।

### दूसरी ऐसी आईएएस जिसे गिरफ्तार किया गया

रानू साहू छत्तीसगढ़ की दूसरी आईएएस आफिसर हैं, जिन्हें ईडी ने गिरफ्तार किया है। इससे पहले आईएएस समीर बिश्नोई को भी ईडी ने गिरफ्तार किया था, जो अभी रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। शुक्रवार देर रात तक रानू साहू के देवेंद्र नगर स्थित सरकारी आवास में टीम ने छापेमारी की थी। इसमें मिले अहम सबूतों के मुताबिक रानू साहू करोड़ों रुपए के हेर-फेर में शामिल थीं, फिलहाल मामले की जांच जारी है। रानू साहू इस समय कृषि विभाग में संचालक के पद पर पदस्थ हैं। इससे पहले रानू रायगढ़ जिले की कलेक्टर रह चुकी हैं। ईडी ने शुक्रवार को ही कुछ अन्य कारोबारियों और नेताओं के यहां भी दबिश दी थी।

## संविदा कर्मचारियों की हड़ताल पर छत्तीसगढ़ सरकार ने लगाया एस्मा

**रायपुर।** संविदा कर्मचारियों की हड़ताल पर छत्तीसगढ़ सरकार ने एस्मा लगा दिया है। राज्य के 53 विभागों के संविदा कर्मचारी नियमितीकरण की मांग को लेकर 3 जुलाई से अनश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। कर्मचारी नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदेश के संविदा कर्मचारियों प्रदर्शन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कौशलेश तिवारी का कहना है कि हम कोई नई मांग नहीं कर रहे हैं। वही नियमितीकरण की मांग रहे हैं जो कांग्रेस ने खुद देने का वादा किया था। जानिए क्या है एस्मा एस्मा यानी एसेंशियल सर्विसेज मैनेजमेंट एक्ट। इसे हिंदी में अत्यावश्यक सेवा अनुरक्षण कानून के नाम से भी जाना जाता है। यह केंद्रीय कानून है जो 1968 में लागू किया गया था। हालांकि इस कानून को लागू करने के लिए राज्य सरकारों को भी छूट दी गई थी।



छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

## मणिपुर हिंसा को लेकर आम आदमी पार्टी का विरोध प्रदर्शन

### प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की




**रायपुर।** मणिपुर में हो रही हिंसा को लेकर आज राजधानी रायपुर में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही कार्यकर्ताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी का पुतला दहन भी किया। इस दौरान बड़ी संख्या में प्रदेशभर से कार्यकर्ता मौजूद रहे। कोमल हुपेंडी ने कहा कि मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह को हटाया जाना चाहिए और राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। मणिपुर को लेकर आज आम आदमी पार्टी ने देशभर में विरोध प्रदर्शन किया है। जब तक मणिपुर सरकार की बर्खास्तगी नहीं की जाती, तब तक मणिपुर के न्याय के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा। हुपेंडी ने कहा, मणिपुर पिछले तीन महीनों से हिंसा और वहशीपन की आग में दहक रहा है। वहां सरेआम लोगों को मारा-काटा जा रहा है, लोगों के मकान जलाए जा रहे हैं। महिलाओं के साथ बर्बरता की जा रही है, लेकिन वहां की बीजेपी सरकार कुछ करने के बजाय हाथ पर हाथ रखकर बैठी है। बीजेपी वहां माहौल को शांत करने के बजाय हिंसा भड़काने का काम कर रही है। दो समुदायों के बीच नफरत फैलाई जा रही है। केंद्र सरकार इस मामले पर ध्यान देने के बजाय मूकदर्शक बनी हुई है।

## जेल से बाहर आए अनवर ढेबर तो समर्थकों ने पहनाई माला, हीरो जैसा किया स्वागत

### शराब घोटाले में हुई थी गिरफ्तारी





**रायपुर।** कोयला घोटाले मामले में जमानत पर रिहाई के बाद रायपुर के कारोबारी अनवर ढेबर का समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। कारोबारी अनवर ढेबर के जेल से बाहर आने के बाद फूल माला पहनाकर एक हीरो की तरह स्वागत किया गया। समर्थकों ने अनवर ढेबर को मालाएं पहनाई और स्वागत में पटाखे फोड़े। इस दौरान जेल परिसर के बाहर खूब नारेबाजी हुई। देखो-देखो कौन आया शेर आया...जैसे नारे लगाए गए। इसका एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, जैसे ही कारोबारी अनवर ढेबर की रिहाई की खबर समर्थकों तक पहुंची। थोड़ी देर में कारोबारी ढेबर के स्वागत में समर्थक जेल पहुंचने लगे। समर्थक कार और बाइक से जेल पहुंचे थे। इस दौरान जेल परिसर के बाहर कार और बाइक की लंबी लाइन देखी गई।

रिहाई के बाद अनवर ढेबर समर्थकों के साथ कई कारों और बाइक में किसी रैली की शक्ल में घर पहुंचे। शराब घोटाला प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजे गए रायपुर के कारोबारी अनवर ढेबर को हाई कोर्ट ने जमानत दे दी है। हाई कोर्ट के अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी ने बताया कि कोर्ट ने स्वास्थ्यगत कारणों से उनकी अंतरिम जमानत मंजूर की है। उन्हें किडनी और गाल ब्लेडर में स्टोन की समस्या बताई गई है। ईडी ने छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ रुपये के शराब घोटाले का प्रकरण दर्ज किया है। इस प्रकरण में अनवर ढेबर को ईडी ने मास्टरमाइंड बताया है।

### BJP का प्रदर्शन, ASP से भिड़े पूर्व मंत्री, जमकर बवाल

## घूरकर मत देखना पटेल साहब, जनता के लिए मर भी जाऊंगा- मूणत

रायपुर। राजधानी रायपुर में भारतीय जनता पार्टी ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान पूर्व मंत्री राजेश मूणत ASP पितांबर सिंह पटेल से भिड़ गए। मूणत ने कह दिया-घूरकर मत देखना पटेल साहब, जनता के लिए मर भी जाऊंगा। इसके बाद वहां पर जमकर बवाल हुआ है।



मगलवार को भाजपा नेता एकात्म परिसर से रैली की शक्ल में सड़क पर उतरे। ये प्रदर्शन शहर में बढ़ती नशाखोरी के खिलाफ समेत कई मांगों को लेकर था। पैदल मार्च करते हुए नेता कायकता कलक्टारट पहुच। यहा पुलिस ने प्रदर्शनकारियों का रास्ता रोका तो भाजपा के नेता पुलिस से भी भिड़ गए।

कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए काफी देर तक पुलिस और भाजपाइयों के बीच झूमाझटकी होती रही। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी कलेक्टोरेट में घुसने का प्रयास करते रहे। मगर उन्हें घुसने नहीं दिया गया। यहां हंगामा और नारेबाजी होती रही।

### मूणत बोले-कलेक्टर को बाहर बुला लीजिए



उधर, समर्थकों के साथ जब पूर्व मंत्री राजेश मूणत कलेक्टर परिसर पहुंचे। पुलिस ने भीतर जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग कर रखी थी। मूणत ने कहा कि कलेक्टर को बाहर बुला लीजिए, हम यही ज्ञापन देंगे, लेकिन अफसर राजी नहीं हुए। मुख्य गेट पर जमा समर्थकों से मूणत ने कहा कि चलो दूसरे गेट

## विधानसभा चुनाव के पहले छत्तीसगढ़ में 36 डीएसपी का तबादला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में तीन दर्जन राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों का तबादला किया गया है। चुनाव के पहले 36 डीएसपी की तबादला लिस्ट जारी की गई है। इसमें रायपुर से लाइन डीएसपी चंद्रप्रकाश तिवारी का दुर्ग, निलेश द्विवेदी का दुर्ग से रायपुर, वीरेंद्र चर्तुवेदी डीएसबी रायपुर से विशेष शाखा रायपुर, इक्फत आरा खैरानी का गंडई से माना रायपुर, धर्मेंद्र सिंह बैस बिलासपुर से सुरक्षा उच्च न्यायालय बिलासपुर, महालक्ष्मी को सरगुजा से मुख्यालय जिला सूरजपुर, माया ओसवाल बिलासपुर से मानव




अधिकार आयोग रायपुर तबादला किया गया है। मीरा अग्रवाल का रायपुर से गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, इग्नायूस तिर्की गौरेला-पेंड्रा-मरवाही से मोहला-मानपुर-अंगाबढ़ चौकी, कौशल किशोर वासनिक को कबीरधाम से मोहला-मानपुर-अंगाबढ़ चौकी, प्रदीप येरेवार कोरबा से खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, सुभाष दास बालौदाबाजार से सक्ती, प्रकाश सोनी सूरजपुर से रामानुजगंज, चित्रा वर्मा रायपुर से बालोद तबादला किया गया है।

प्रतिपाल सिंह कोरिया से रायपुर, आशा रानी दंतेवाड़ा से नारायणपुर, देवेंद्र कुमार सिंह बलरामपुर से मुंगेली, हरिचरण सिंह जशपुर से पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर, पंकज ठाकुर को बस्तर से कोरबा, चंद्रशेखर परमा का जांजगीर से जशपुर, शिल्पा साहू दुर्ग से कार्यालय दुर्ग रेंज दुर्ग, राजेश देवांगन महासमुंद से जशपुर तबादला किया गया है।

# सीटों का बँटवारा विपक्षी एकता के लिए अग्नि परीक्षा साबित होगा

बेंगलुरु मीटिंग में कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि पार्टी को पीएम पद की चाहत नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने खुद साफ किया कि पार्टी को पीएम पद नहीं चाहिए, बल्की वे संविधान, लोकतंत्र, धर्मनिर्पेक्षता और सामाजिक न्याय के लिए लड़ना चाहते हैं। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर अपना पक्ष स्पष्ट करके जाहिर कर दिया कि एकता यदि नहीं हो पाती है तो उसकी तोहमत उसे नहीं लगनी चाहिए। इसके बाद अन्य दलों के लिए मानो दावेदारी के रास्ते खुल गए हैं।

2024 में प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन होगा? इसको लेकर विपक्षी खेमे में आवाज उठने लगी है। टीएमसी ने सबसे पहले दावेदारी ठोक दी है। टीएमसी सांसद सताब्दी रॉय ने मुख्यमंत्री ममता के लिए पीएम पद पर दावा ठोक दिया। कहा कि फिर हम चाहेंगे की ममता बनर्जी (पीएम) बनें। मसलन, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल को उनकी पार्टी के नेता-कार्यकर्ता प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर देखते हैं। हालांकि, नीतीश कुमार इसी साल साफ कर चुके हैं कि उनका प्रधानमंत्री बनने का सपना नहीं है।

म मता बनर्जी ने इस बारे में न तो इनकार किया है और ना ही स्वीकार, वहीं अरविंद केजरीवाल का सपना छिपा नहीं है। वह अपने लगभग भाषणों में इस बात की चर्चा करते हैं और मंत्रमुग्ध होते हैं कि देश का पीएम पढ़ा-लिखा होना चाहिए। प्रधानमंत्री पद के उम्मीदावार की जिस चुनौती को विपक्षी दल झेल रहे हैं, वह भाजपा के सामने नहीं हैं। भाजपा से हाथ मिलाने वाले 38 दलों को पता है कि आगामी लोकसभा चुनाव में भी मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही इस पद के उम्मीदवार होंगे। हालांकि भाजपा के लिए भी क्षेत्रीय दलों के साथ सीट शेयरिंग मुश्किल भरा रास्ता होगा, किन्तु इतना नहीं जितनी मुश्किलों का सामना विपक्षी दलों को करना पड़ेगा। असली मुद्दा विपक्षी दलों के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर होना तय होगा। प्रधानमंत्री पद का मुद्दा हो सकता है उसके बाद तय हो। यह दोनों मुद्दे विपक्षी दलों के लिए लोहे के चने चबाने से कम नहीं हैं। कांग्रेस की चार राज्यों में खुद की और तीन राज्यों में गठबंन की सरकार है। कहीं डीएमके तो कहीं राजद-जेडीयू, जेएमएम के साथ गठबंधन




में हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार, बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी साफ सहित कई दूसरे दलों के नेता इस बात पर सहमत होते हुए राय व्यक्त कर चुके हैं कि कांग्रेस उनके राज्यों से दूर रहे। ये दल नहीं चाहते कि भाजपा के साथ-साथ उन्हें कांग्रेस से भी चुनावी मुकाबला करने पड़े। ऐसी स्थिति में इन क्षेत्रीय दलों का सत्ता में हिस्सेदारी का सपना कमजोर पड़ता है।

> कांग्रेस ने अभी तक इस मुद्दे पर पत्ते नहीं खोले हैं। कांग्रेस नहीं चाहती कि लोकसभा सीटों की शेयरिंग और प्रधानमंत्री पद की दावेदारी के मुद्दों को अभी से हवा देकर विपक्षी एकता में रुकावट पैदा करे। इससे विपक्षी दलों को कांग्रेस के खिलाफ बोलने का मौका मिल जाएगा।

कांग्रेस ने अभी तक इस मुद्दे पर पत्ते नहीं खोले हैं। कांग्रेस नहीं चाहती कि लोकसभा सीटों की शेयरिंग और प्रधानमंत्री पद की दावेदारी के मुद्दों को अभी से हवा देकर विपक्षी एकता में रुकावट पैदा करे। इससे विपक्षी दलों को कांग्रेस के खिलाफ बोलने का मौका मिल जाएगा और कांग्रेस इस एकता के टूटने का आरोप अपने सिर नहीं लेना चाहती। यह निश्चित है कि कांग्रेस को यदि देश और दिल्ली की राजनीति करनी है तो विपक्षी दलों के सीट शेयरिंग फार्मूले को नकारना होगा। फिलहाल कांग्रेस तेल और तेल की धार देखने के मूड में है। कांग्रेस अभी पूरी ताकत से विपक्षी दलों के साथ मिलकर केंद्र की भाजपा सरकार के प्रति हमलावर की मुद्रा में है और इस तेवर को पीएम सहित किसी तरह के मुद्दे को हवा देकर की कमजोर नहीं करना चाहती। विपक्षी एकता में लोकसभा चुनाव की सीट शेयरिंग सबसे बड़ा मुद्दा है। इस मुद्दे पर किसी तरह की जल्दबाजी दिखा कर कांग्रेस अपने माथे पर एकता के टूटने का ठीकरा नहीं फुड़वाना चाहती। यही वजह है कि कांग्रेस प्रधानमंत्री पद की दावेदारी और सीट शेयरिंग के मामले में खुलकर प्रतिक्रिया जाहिर करने से हिचकिचा रही है। दरअसल कांग्रेस को भी अंदाजा है कि प्रधानमंत्री पद की मजबूत दावेदारी उसी पार्टी की बनेगी जिसके पास ज्यादा सांसद होंगे। दूसरे दल सांसदों की संख्या के आधार पर ही मंत्री और दूसरे महत्वपूर्ण पदों की दावेदारी कर सकते हैं किन्तु पीएम पद के लिए सांसदों की सर्वाधिक संख्या होने आवश्यक है, अन्यथा इसी आधार पर दावा कमजोर पड़ जाएगा। विपक्षी दलों की असली अग्नि परीक्षा सीटों की शेयरिंग को लेकर होनी हैं। विपक्षी दल पिछली दो बैठकों में इस मुद्दे पर कोई स्पष्ट निर्णय करने से बचते रहें हैं। लेकिन इस मुद्दे पर रुख साफ किए गए एकता का मसला आगे नहीं बढ़ सकता। भाजपा द्वारा विगत चुनावों में हाशिए पर धकेले गए क्षेत्रीय दल फिर से खड़े होने की फिराक में हैं। ऐसे में उनका पूरा जोर इसी बात पर रहेगा कि उनके राज्यों से कांग्रेस मैदान से हट जाए। इससे कांग्रेस को मिलने वाले वोट भी उनकी झोली में आ सके। कांग्रेस यदि विपक्षी दलों के इस प्रस्ताव को मंजूर कर लेती है तो उसका जनाधार और संगठन, दोनों कमजोर पड़ जाएंगे। ऐसे में कांग्रेस के लिए क्षेत्रीय दलों का यह प्रस्ताव गले की फांस बना हुआ है। हालांकि मुंबई में होने वाली विपक्षी दलों की तीसरी बैठक में ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा कि यदि ऐसा कोई प्रस्ताव आता है तो कांग्रेस क्या स्टैंड लेती है।

महेंद्र वेद

## संपादकीय


### ये मौसम सामान्य नहीं

रिकॉर्ड रखना शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे गर्म महीना यही जुलाई होगा। साफ है, जलवायु परिवर्तन के भयानक परिणाम दिखने शुरू हो गए हैं। दुनियाभर में भीषण गर्मी, बाढ़, बेमौसम बरसात जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। उत्तर भारत के लोगों को मौसम में बदलते और असामान्य मिजाज का अहसास इस समय जरूर हो रहा होगा। जुलाई के पहले हफ्ते में भीषण बारिश हुई, उससे हुए नुकसान का अभी अंदाजा ही लगाया जा रहा है। जबकि इस बीच अब असामान्य गर्मी और उमस ने उनकी जिंदगी मुहाल कर दी है। लेकिन ऐसा सिर्फ उन्हें झेलना पड़ रहा हो, ऐसी बात नहीं है। बल्कि सारी दुनिया का यही हाल है। दुनिया इस महीने गर्मी के कई सारे रिकार्ड्स टूट गए हैं। अमेरिकी एजेंसी नासा ने कहा है कि रिकॉर्ड रखना शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे गर्म महीना यही जुलाई होगा। साफ है, जलवायु परिवर्तन के भयानक परिणाम दिखने शुरू हो गए हैं। दुनियाभर में भीषण गर्मी, बाढ़, बेमौसम बरसात जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। इसी बीच वैज्ञानिक इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि जुलाई 2023 संभवत- हजारों वर्षों में दुनिया का सबसे गर्म महीना रहेगा। यूरोपीय संघ और कुछ दूसरे स्रोतों से मिले डेटा के मुताबिक ऐसे रोजाना के कई रिकार्ड्स तो पहले ही टूट चुके हैं। पहले कुछ प्राकृतिक घटनाओं के कारण असामन्य मौसम होता था। लेकिन अब बात वह नहीं है। मसलन, फिलहाल मौसम पर दिख रहे प्रभावों को केवल एल-नीनो पैटर्न का परिणाम नहीं ठहराया जा सकता है।

## मौसमः जलवायु खतरों की समय पर और सटीक चेतावनी की

उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में आई भीषण बाढ़ ने जन-जीवन और आजीविका को प्रभावित किया है। यमुना का जलस्तर बढ़ने से राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्से जलमग्न हो गए। इन घटनाओं के साथ अब यह बात पहले से कहीं ज्यादा स्पष्ट हो गई है कि मौसम में यह अनिश्चितता आगे भी बनी रहेगी। जैसा कि विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने पूर्वानुमान लगाया है कि अगले पांच वर्षों में वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को पार कर जाएगी। जाहिर है कि इसका मौसम पर भयावह प्रभाव पड़ेगा। न केवल बाढ़, सूखे और चक्रवातों की संख्या, बल्कि उनकी नुकसान पहुंचाने की क्षमता भी बढ़ जाएगी।

काउंसिल ऑन एनर्जी, इनवायरनमेंट ऐंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) के नए अध्ययन



> भारत में करीब 66 फीसदी आबादी के सामने भीषण बाढ़ का जोखिम रहता है। ऐसे में जलवायु खतरों की समय पर और सटीक चेतावनी उपलब्ध कराने की व्यवस्था करनी होगी।

में सामने आया है कि भारत में करीब 66 फीसदी आबादी के सामने भीषण बाढ़ की चपेट में आने का जोखिम रहता है। इनमें से सिर्फ 33 प्रतिशत लोग ही बाढ़ पूर्व चेतावनी प्रणालियों (ईडब्ल्यूएस) के दायरे में आते हैं। इसलिए भारत को लगातार बढ़ते इन जलवायु खतरों की समय पर और सटीक चेतावनी उपलब्ध कराने की व्यवस्था करनी होगी। इसके लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों में तत्काल निवेश करने और उन्हें विस्तार देने की जरूरत है। भारत में ईडब्ल्यूएस की क्षमता का दोहन करने के लिए ये पांच कदम उठाए जा सकते हैं-

पहला, ईडब्ल्यूएस को जलवायु संकट सहने की क्षमता विकसित करने के प्रयासों में अनिवार्य रूप से शामिल करना। मौसम की चरम घटनाओं का सामना करने में प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियां सबसे आसान उपाय हैं। दूसरा, एक प्रभावी ईडब्ल्यूएस के निर्माण का पहला कदम है कि लोगों को समय पर और आपदा की सटीक पूर्व चेतावनियां मिल सकें। इसके लिए सरकारी एजेंसियों और शोध संस्थानों जैसे विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोगात्मक भागीदारी लाने की जरूरत है।

भारत में चक्रवात पूर्व चेतावनी प्रणालियों ने प्रभावित होने वाली 100 फीसदी आबादी तक चेतावनी भेजकर अपनी नेतृत्व क्षमता दिखाई है। इन्हीं सहयोगात्मक प्रयासों के चलते देश में एक अत्याधुनिक चक्रवात पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित हुई है। ऐसी ही पहल राष्ट्रीय स्तर पर बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाओं के लिए भी करनी चाहिए। तीसरा, नए प्लेटफॉर्म बनाने और प्रभावी रूप से आपदा के जोखिम घटाने, खास तौर पर दूर-दराज इलाकों में और अंतिम-व्यक्ति तक संपर्क स्थापित करने में निजी क्षेत्र की साझेदारी महत्वपूर्ण है। चौथा, सामाजिक-आर्थिक विविधता वाले भारत में स्थानीय स्तर पर समाधानों का होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। फोन और दूरसंचार तंत्र के माध्यम से प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों की पहुंच और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने की जरूरत है। इसके लिए बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। और पांचवां, आपदा का जोखिम घटाने के लिए नागरिकों को जोड़ना। किसी भी आपदा पूर्व चेतावनी प्रणाली की सफलता विभिन्न समुदायों से उसके मजबूत संबंधों पर निर्भर करती है। इसे ध्यान में रखकर भारत सरकार ने गैर-सरकारी संगठनों और स्थानीय समुदायों के सहयोग से एक व्यापक आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया है। प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों का लाभ लेने के लिए भारत एक सक्रिय दृष्टिकोण अपना रहा है। यह जलवायु लचीलापन विकसित करने और अपने नागरिकों को चरम जलवायु घटनाओं के विनाशक प्रभावों से बचाने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पर्यावरण से जुड़ी अन्य चुनौतियों का समाधान करने और मौजूदा पहलों को विस्तार देने के लिए रणनीतिक निवेश के साथ स्थायी आधार पर प्रयास किया जाना बहुत आवश्यक है।

– श्रेया वधावन

## मिला जुला

### विपक्ष के 'INDIA' गठबंधन पर बोले पीएम मोदी-

# इंडियन मुजाहिद्दीन और ईस्ट इंडिया में भी इंडिया

**नई दिल्ली।** मॉनसून सत्र में मणिपुर पर जारी संग्राम के बीच मंगलवार को बीजेपी की संसदीय दल की बैठक हुई. इस बैठक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया. इस दौरान पीएम ने विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधा. पीएम मोदी ने कहा, इंडिया नाम लगा लेने से ही नहीं हो जाता. ईस्ट इंडिया कंपनी ने भी इंडिया लगाया था और इंडियन मुजाहिद्दीन के नाम में भी इंडिया है.

पीएम मोदी ने कहा, विपक्ष बिखरा हुआ है और हताश है. विपक्ष के रवैये से ऐसे लग रहा है कि उनको लंबे समय तक सत्ता में आने की इच्छा नहीं है. पीएम मोदी ने संसदीय दल की बैठक में 15 अगस्त को हर घर झंडा लगाने के कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी. मॉनसून सत्र में यह पहली संसदीय दल की बैठक थी. यह बैठक संसद की लाइब्रेरी बिल्डिंग में हुई. इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत तमाम केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे.

दरअसल, संसद का मॉनसून सत्र चल रहा है. लेकिन मणिपुर की घटना को लेकर हंगामा मचा हुआ है. विपक्ष इस मुद्दे पर संसद में पीएम मोदी का बयान और विस्तृत चर्चा की मांग कर रहा है. जबकि सरकार गृहमंत्री अमित शाह के जवाब के साथ अल्पकालिक चर्चा के लिए तैयार है. लेकिन विपक्ष इस मुद्दे पर पीएम मोदी के बयान पर अड़ा है.



### आप सांसद संजय सिंह सस्पेंड

इससे पहले सोमवार को मॉनसून सत्र के तीसरे दिन भी संसद में गतिरोध जारी रहा. इसके चलते सदन की कार्यवाही नहीं चल पाई. इसी बीच गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को विपक्ष से मणिपुर मुद्दे पर बहस शुरू करने की अपील की. उधर, राज्यसभा में हंगामे को लेकर आप सांसद संजय सिंह को पूरे मॉनसून सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया. कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री संसद में चर्चा से डर रहे हैं, लेकिन बीजेपी का दावा है कि विपक्ष भाग रहा है क्योंकि वह नहीं चाहता कि कुछ तथ्य सामने आएं. AAP के सांसद संजय सिंह को मणिपुर मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के विरोध के दौरान सदन के वेल में पहुंचने और अध्यक्ष की ओर इशारा करने के बाद निलंबित कर दिया गया. सदन के नेता पीयूष गोयल संजय सिंह को सस्पेंड करने के लिए प्रस्ताव लाए थे. यह ध्वनिमत से पास हो गया. पीयूष गोयल ने कहा कि संजय सिंह की इस तरह की हरकत सही नहीं है. ये सदन के नियमों के खिलाफ है. उन्होंने कहा, मैं सभापति से अपील करता हूं कि वे संजय सिंह के खिलाफ कार्रवाई करें. उन्होंने कहा, सरकार संजय सिंह के सस्पेंशन के लिए प्रस्ताव लाती है कि उन्हें पूरे मॉनसून सत्र के लिए सस्पेंड किया जाए. इस पर सभापति ने कहा कि आप प्रस्ताव लाएं.

#### संजय सिंह के निलंबन पर मचा बवाल

संजय सिंह पर हुई निलंबन की कार्रवाई के बाद विपक्ष ने मोदी सरकार पर निशाना साधा. इतना ही नहीं कार्रवाई के विरोध में विपक्षी सांसदों ने संसद के बाहर धरना भी दिया. इस प्रदर्शन में क्रसांसद संजय सिंह, संदीप पाठक और सुशील गुप्ता के अलावा TMC से डोला सेन और शांता छेत्री, कांग्रेस से इमरान प्रतापगढ़ी, अमीबेन और जेबी माथेर, CPM से बिनॉय विश्वम, CPI से राजीव के अलावा BRS नेता भी शामिल हुए.

# सभापति धनखड़ और खरगे में हुई 'दिल' की ऐसी चर्चा, हंगामा भूल फूट गए हंसी के फव्वारे

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में आज मणिपुर मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में गरमागरमी का माहौल था। लेकिन इसी बीच, सभापति जगदीप धनखड़ और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बीच 'दल' की क्या चर्चा हुई जोरदार ठहाके लगने लगे। दरअसल, मणिपुर के मुद्दे पर दोनों पक्ष में तीखी नोकझोंक चल रही थी तभी धनखड़ ने खरगे को संबोधित करते हुए कहा कि आप मेरे दिल में नंबर 1 वन हैं सर। इसपर खरगे ने कहा कि मुझे मालूम है कि आपका दिल बहुत बड़ा है, लेकिन इस तरफ (विपक्ष) के लिए नहीं बल्कि उस तरफ (सत्ता पक्ष) के लिए है। इसपर धनखड़ ने कहा कि लेकिन हार्ट तो बायीं तरफ होता है न। इस पर खरगे ने हंसते हुए लेकिन आप हमेशा कुछ यूं मुड़ते हैं। इसपर सदन में जोरदार



ठहाका लगने लगा।

#### माहौल हुआ हल्का

जैसे ही खरगे और धनखड़ के बीच हंसी-मजाक वाली बात हुई सदन में माहौल हल्का दिखा। हालांकि, इसके बाद भी विपक्ष नियम 267 के तहत बहस कराने पर अड़ा रहा। बार-बार के शोरशराबे के कारण सभापति को दोपहर 2 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। **पीएम ईस्ट इंडिया कंपनी की बात कर रहे हैं-** इसी दौरान सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम यहां मणिपुर की बात कर रहे हैं और पीएम नरेंद्र मोदी ईस्ट इंडिया की बात कर रहे हैं। उन्होंने सभापति से कहा कि विपक्ष की मांग मानकर इस मुद्दे पर तुरंत चर्चा कराए जाने की जरूरत है। खरगे ने कहा कि मणिपुर के मुद्दे पर पीएम क्यों नहीं बोल रहे हैं। 50 लोग 267 के तहत बात करने के लिए तैयार हैं। क्यों पीएम मोदी यहां आकर बात नहीं करते हैं। क्यों हमको समझाते नहीं हैं। बाहर तो बोलते हैं ईस्ट इंडिया कंपनी के बारे में, अरे मणिपुर के बारे में बात करो न।

# मणिपुर में 83 दिन बाद इंटरनेट बहाली के आदेश

### शर्तों के साथ ब्रॉडबैंड सर्विस मिलेगी; मिजोरम में कुकी समर्थकों की रैली

इंफाल ए.। मणिपुर में 3 मई से जारी हिंसा के बीच 83 दिन बाद इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से शुरू करने का आदेश जारी किया गया है। यानी राज्य में ब्रॉडबैंड सेवाएं कुछ शर्तों के साथ शुरू की जाएंगी।



इसके पहले राज्य पुलिस ने कहा कि वह उन लोगों को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है, जिन्होंने महिला की हत्या का वीडियो मणिपुर का बताकर वायरल किया। पुलिस ने कहा- 24 जुलाई को केस दर्ज किया है। वीडियो में बताया गया है कि हथियारबंद लोगों ने मणिपुर में महिला की हत्या की, जबकि यह घटना म्यांमार में हुई थी। वीडियो फैलाने का मकसद राज्य की शांति भंग करना और दंगे भड़काना था।

उधर, मणिपुर पुलिस ने दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने के केस में सातवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। 19 जुलाई को इस घटना का वीडियो वायरल हुआ था। इस बीच, मंगलवार को मिजोरम में कुकी समुदाय के समर्थन में रैली निकाली गई, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। इसके समर्थन में ट्रांसपोर्ट सर्विस बंद की गई और मुख्यमंत्री जोरमथंगा ने सरकारी दफ्तरों को भी बंद रखने का आदेश दिया।

#### मणिपुर सरकार ने असम राइफल्स से पूछा- 2 दिन में म्यांमार के 718 नागरिक कैसे घुस आए

*मणिपुर सरकार ने सोमवार देर रात असम राइफल्स से भारत में म्यांमार नागरिकों की घुसपैठ की डिटेल रिपोर्ट मांगी है। सरकार ने असम राइफल्स से पूछा है कि सिर्फ दो दिनों (22-23 जुलाई) में म्यांमार के 718 नागरिक बिना पर्याप्त दस्तावेज के भारत में कैसे घुस आए। इनमें 209 पुरुष, 208 महिलाएं और 301 बच्चे हैं।*

### संसद में मणिपुर मामले पर हंगामा

# कांग्रेस और 'आप' ने चर्चा के लिए दिया स्थगन प्रस्ताव

### केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा राजस्थान और छत्तीसगढ़ में महिला अपराध पर भी हो चर्चा



**नई दिल्ली ए.।** संसद में मानसून सत्र का आज चौथा दिन है. मंगलवार को भी मणिपुर मामले पर हंगामा हुआ. कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने मणिपुर पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव दिया है. लोकसभा की कार्रवाई शुरू होती ही 2 बजे तक और राज्यसभा 12 तक के लिए स्थगित हो गई. केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में कहा, सरकार राजस्थान और छत्तीसगढ़ में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अत्याचार के 177 नोटिसों पर चर्चा के लिए तैयार है. पूरे देश में अगर महिलाओं के खिलाफ कोई अपराध है तो सरकार चर्चा के लिए तैयार है. हमें इन मुद्दों पर चर्चा करनी चाहिए। विपक्षी पार्टियों के गठबंधन I.N.D.I.A ने संसद की कार्रवाई से पहले बैठक की, जिसमें मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर चर्चा की गई. उधर भाजपा ने संसदीय दल की बैठक बुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सांसदों को सलाह देते हुए कहा कि विपक्ष का काम है प्रोटेस्ट करना।

# रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा गोकुलधाम कॉलोनी, रामपुर सहित कई स्थान पर किया गया पौधरोपण







जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

अंचल में पर्यावरण संरक्षण के दिशा में कार्य करने वाली संस्था रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा गत दिनों रामपुर क्षेत्र में नूतन विकसित कॉलोनी गोकुलधाम व रामपुर पहाड़ी के निचले क्षेत्र तथा डिग्री कॉलेज के पास पौधरोपण किया गया। वहीं नगर के बैकुंठपुर व रामलीला मैदान के आसपास पौधा वितरण किया गया।

गोकुलधाम कॉलोनी के पौधरोपण में सुनील ने किया सभा को संबोधित

नगर के रामपुर क्षेत्र में नूतन विकसित गोकुलधाम कॉलोनी में गत दिनों रामदास द्रौपदी फ उंडेशन द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उक्त कॉलोनी के निवासी शिवलोचन यादव, अनिल नंदे, हितेश देवांगन, किशोर शर्मा, चंद्रमोहन कश्यप, रुपेश नायक, अशोक यादव, नीलांबर यादव, गौरव यादव, निशांत यादव, सेवांश शर्मा, अक्षत शर्मा व तनिश आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे। वहीं कॉलोनी के महिला मंडल से शशिकला नंदे, सुनीता देवांगन, ज्योति शर्मा, सुधा प्रधान, ममता यादव, मिनती साहू, मालती साहू व चंपा प्रधान आदि की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में कॉलोनी के निवासियों ने बताया कि कॉलोनी के गार्डन को विकसित करने के उद्देश्य से हमने रामदास द्रौपदी फ उंडेशन से सम्पर्क किया था। हमारे अनुरोध पर रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा हमें सिर्फ पौधे ही उपलब्ध नहीं कराए गए, अपितु फ उंडेशन के चेयरमैन सुनील रामदास स्वयं आकर पौधे रोपित भी किए। इस अवसर पर लायंस क्लब रायगढ़ मिड टाउन के अध्यक्ष विजय हरि अग्रवाल, लायन शैलेश अग्रवाल, लायन दयानंद अवस्थी, लायन विनोद अग्रवाल अजंता, लायन संजय अग्रवाल आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे। यहां सुनील रामदास ने कॉलोनी वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम जिस पर्यावरण में रहते हैं। उस पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने में पेड़ों की अहम भूमिका होती है। इसलिए अंचल में हमारे संस्थान द्वारा हर वर्ष महा वृक्षारोपण अभियान निरंतरता से संचालित हो रहा है। वहीं गत 23 जुलाई को रामपुर पहाड़ी के निचले क्षेत्र में भी पौधारोपण किया गया। ज्ञात हो कि नगर निगम रायगढ़ व रामदास द्रौपदी फ उंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गत दिनों पौधारोपण किया गया था। चूंकि वह क्षेत्र बड़ा है, इसलिए इस क्षेत्र को पूर्णत: वनाच्छादित करने के उद्देश्य से फ उंडेशन द्वारा उसके अतिरिक्त 60 पौधे और रोपित किए गए। इस अवसर पर फाउंडेशन के चेयरमैन सुनील रामदास, लायन शैलेश अग्रवाल आदि ने पौधे रोपित किए। वहीं गत दिवस डिग्री कॉलेज के पास भी फाउंडेशन के सहयोगी रामनंदन यादव द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अज्जू यादव, बबलू यादव, दिलेश्वर साहू, सुशील श्रीवास्तव, लोचन निषाद, चंदन सोनी व गंगा आदि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त बैकुंठपुर व रामलीला मैदान के आसपास रामदास द्रौपदी फ उंडेशन के पर्यावरण जागरूकता रथ के माध्यम से पौधे भी वितरित किया गया। इस अवसर पर शाखा यादव भी उपस्थित रहे।

## अपर कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

* जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करें-अपर कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर-चांपा।





कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश के निर्देशन में अपर कलेक्टर एसपी वैद्य ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। अपर कलेक्टर ने विभागीय कामकाज सहित विभिन्न विभागों में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समय-सीमा के लंबित प्रकरणों एवं पत्रों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। अपर कलेक्टर ने जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के लिए सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री स्कूल जतन के कार्यों की समीक्षा करते हुए भवन निर्माण प्रारम्भ,अप्रारंभ तथा पूर्ण अपूर्ण स्थितियों कि समीक्षा की। इसके साथ उन्होंने स्वामी आत्मानंद स्कूल व अन्य स्कूलों में भवनों के मरम्मत व सुधार की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही अपर कलेक्टर ने मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान की गई घोषणाओं को संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी 1 से 13 अगस्त 2023 तक आयोजित किये जा रहे वजन त्यौहार के समीक्षा करते हुए कहा कि वजन त्योहार 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों में पोषण स्तर के आकलन हेतु समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करते हुये पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया जा रहा है।

जिसके संचालन के लिए विभिन्न स्तर पर समितियों का गठन किया जायेगा अत: संबंधित विभागीय तैयारियां सुनिश्चित करें। अपर कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से समय-सीमा के बाहर के लंबित प्रकरण, विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, सीमांकन, नक्शा बटांकन, ई-कोर्ट के प्रकरण सहित अन्य राजस्व कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए समय-सीमा में जल्द निराकरण करने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक, पीएम आवास, पीडीएस, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना, सड़क निर्माण, धन्वन्तरी योजना,आगामी विधानसभा निर्वाचन, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना, सुपोषण योजना की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. ज्योति पटेल सहित जिला स्तरीय अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित थे।

**समय-सीमा के लंबित प्रकरणों को तेजी से निराकरण करने के दिए निर्देश**

## नगरीय क्षेत्र कोरबा के वार्डों में नई राशन दुकान संचालन के लिये आवेदन आमंत्रित

नगर निगम कोरबा अंतर्गत 13 विभिन्न वार्डों में खुलेंगी नई राशन दुकानें

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

छत्तीसगढ़ शासन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आदेशानुसार नगर निगम कोरबा के नगरीय क्षेत्र में शासकीय उचित मूल्य दुकानों का युक्तियुक्तकरण के तहत वार्डों में एक से अधिक उचित मूल्य की दुकानों का आबंटन किया जाना है। जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त दुकानें नगर निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 01 रामसागर पारा दलिया गोदाम के पास, वार्ड क्रमांक 12 शारदा बिहार, वार्ड क्रमांक 13 परिवहन नगर 15-ब्लॉक, वार्ड क्रमांक 14 मैग्जीन भांठा, वार्ड क्रमांक 17 पथर्रीपारा मानसनगर, वार्ड क्रमांक 19 सीएसईबी क्रमांक 03 शिवाजी चौक नवधा पंडाल, वार्ड क्रमांक 23 पंडित रविशंकर शुक्ल नगर, वार्ड क्रमांक 26 मुड़ापार शांति विहार गली, वार्ड क्रमांक 42 रूमगरा शिवनगर छातानार, वार्ड क्रमांक 59 विकास नगर विद्यानगर एवं वार्ड क्रमांक 60 गेवरा धरमपुर विश्रामपुर में एक-एक शासकीय दुकानें आबंटित की जाएंगी। वार्ड क्रमांक 62 में 02 शासकीय दुकानें नरईबोध जेलपारा एवं मनगांव में आबंटित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त मोहल्ला पारा में शासकीय उचित मूल्य दुकानें आवंटन करने हेतु निर्धारित प्रारूप में 07 अगस्त 2023 कार्यालयीन समय तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं आवश्यक जानकारी जिला कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा कक्ष क्रमांक 25 से प्राप्त कर सकते हैं। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि यह दुकान वृहदाकार आदिमजाति बहुद्देशीय सहकारी समिति लेम्पस, ग्राम पंचायत या स्थानीय नगरीय निकाय, शासन द्वारा पंजीकृत महिला स्वसहायता समूह, वन सुरक्षा समितियां, अन्य सहकारी समितियां जिसका कार्य क्षेत्र नगर निगम कोरबा के वार्ड क्षेत्र में अनिवार्य हो तथा राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम को ही आबंटित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि नयी उचित मूल्य दुकानों के आबंटन के लिए संस्था को निर्धारित प्रारूप में आवेदन के साथ संस्था अथवा समिति का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, बायलाज की प्रति, समिति के पदाधिकारियों की सूची, समिति के बैंक पासबुक की सत्यापित प्रति, वर्तमान में बैंक में उपलब्ध धनराशि का विवरण तथा नगर पालिक निगम कोरबा से एनओसी प्रस्तुत करना होगा।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि वार्डों में उचित मूल्य दुकानों का आबंटन उन सहकारी समितियों या एजेंसियों को किया जाएगा जिनके गठन का उद्देश्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण अथवा विक्रय अपने सदस्यों अथवा क्षेत्र के अन्य लोगों को करना है। उन्होंने बताया कि संबंधित संस्था या समिति का कार्यक्षेत्र वही क्षेत्र होना चाहिए जहां के उचित मूल्य दुकान उसे आबंटित की जानी है। किसी भी एजेंसी को उसके कार्यक्षेत्र की एक उचित मूल्य की दुकान आबंटित की जाएगी। राशनकार्ड धारी उपभोक्ताओं को आवश्यक वस्तुओं की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु स्थिति को ध्यान में रखते हुए एक से अधिक उचित मूल्य की दुकान आबंटित की जा सकेगी। किसी भी स्थिति में उक्त संख्या तीन उचित मूल्य दुकान से अधिक नहीं होगी। आवेदनकर्ता संस्था या समिति के द्वारा पूर्व कार्य का मूल्यांकन में अनियमितता पाए जाने के स्थिति में उन्हें दुकान आबंटन के लिए पात्र नहीं माना जाएगा।

## एक नजर

### ग्रामीणों और महिलाओं ने किया वोटिंग का ट्रायल मतदान

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।





राजस्व अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसील कार्यालय सारंगढ़ में ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की महिला सदस्यों ने मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन की जानकारी लेकर वोट का परीक्षण की। इसी प्रकार कलेक्ट्रेट आये ग्रामीणों ने भी ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन में ट्रायल वोटिंग की। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले के राजस्व अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसील कार्यालय में कोई भी नागरिक मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन का प्रयोग कर वोटिंग का परीक्षण कर सकते हैं।

### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 28 जुलाई को

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा द्वारा 28 जुलाई 2023 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में अपियर उद्योग इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर द्वारा मार्केटिंग मैनेजर के 05 पद, फील्ड ऑफिसर के 30 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। उक्त पदों हेतु आवेदकों की आयु सीमा 20 से 35 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता 12वीं एवं स्नातक वांछनीय है। इच्छुक आवेदक 28 जुलाई को प्रात: 11 बजे कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### जटाशंकरी नाला पर बनेगा पुल, ग्रामीणों को होगी आवागमन में आसानी

* 698.26 लाख रुपए का प्राक्कलन तैयार

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



पाली ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपालपुर से नवापारा पहुंच मार्ग में स्थित जटाशंकरी नाला पर पुल का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए विभाग द्वारा प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति हेतु प्रेषित की गई है। पुल बनने से इस क्षेत्र के ग्रामीणों सहित हाईस्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को बारिश के दिनों में किसी प्रकार की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। बारिश के मौसम के साथ ही गोपालपुर से नवापारा के बीच स्थित जटाशंकरी नाला में जल का स्तर बढ़ जाता है। जल स्तर बढ़ने से होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन द्वारा इस नाले पर पुल निर्माण की पहल की गई है। इसके लिए सेतु संभाग कोरबा द्वारा गोपालपुर से नवापारा मार्ग में नरसिंह गंगा झूलना नाला पर पुल बनाने हेतु 698.26 लाख रुपए का प्राक्कलन मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु परिक्षेत्र रायपुर को प्रेषित किया गया है। सेतु संभाग के अधिकारी अक्षय जैन ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या को दूर करने पुल का निर्माण कराया जाएगा। राशि स्वीकृत होने के पश्चात् पुल बनाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### घर से नकदी 3 लाख रुपए पार

**रायपुर** । आरडीए कालोनी टिकरापारा स्थित घर से अज्ञात चोर ने थैला में रखे नकदी 3 लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया स्नेहलता शुक्ला 66 वर्ष आरडीए कालोनी की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि 10 से 19 जुलाई के मध्य अज्ञात चोर ने प्रार्थिया के घर में प्रवेश कर खीला में टंगे थैला में रखे नकदी 3 लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## सुघ्घर पढ़वईया योजना जिले के दो स्कूल प्लेटिनम एवं सिल्वर अवार्ड के लिए हुए नामित

,दोनों स्कूल स्वतंत्रता दिवस में राज्य स्तर पर होंगे सम्मानित,कलेक्टर सिन्हा के मार्गदर्शन में शिक्षा सुदृढ़ीकरण के लिए हो रहा कार्य

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप जिले के सभी शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्कूलों में पढ़ने वालों बच्चों में उनकी प्रतिभा के अनुरूप कौशल विकसित करने के लिए सुघ्घर पढ़वईया योजना शुरू की गई है।

इस योजना के तहत बच्चों में कौशल विकसित करने पर उत्कृष्ट विद्यालयों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार दिया जाता है। इसी कड़ी में विकासखण्ड रायगढ़ के प्राथमिक शाला भदरापाली संकुल बायंग को प्लेटिनम अवार्ड एवं प्राथमिक शाला परसाडीपा संकुल डोंगीतराई को सिल्वर अवार्ड हेतु नामित किया गया है। आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उक्त दोनों स्कूलों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में जिले में शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। स्कूलों के सभी शिक्षकों को साथ मिलकर स्कूल के सभी विद्यार्थियों में अकादमिक कौशल विकसित करने हेतु कार्य किया जा रहा है। इसी का प्रत्यक्ष परिणाम सामने आया और इन दोनों स्कूलों को प्लेटिनम एवं सिल्वर अवार्ड हेतु नामित किया गया है। जो रायगढ़ जिले के लिए शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश स्तर पर उपलब्धि है। कलेक्टर सिन्हा के निर्देश में जिले के अन्य शालाओं में भी शिक्षा सुदृढ़ीकरण के लिए कार्य किया जा रहा है।

सुघ्घर पढ़वईया योजना का उद्देश्य स्वप्रेरणा से अच्छे कार्य एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करना है। उन्हें देखकर और भी शिक्षक अच्छे से कार्य करने के लिए प्रेरित हो सकेंगे। यह योजना राज्य के सभी शासकीय प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों के लिए है। योजना में शामिल होने के लिए स्कूल को वेब-पोर्टल पर आवेदन करना होगा। स्कूलों की प्रतिस्पर्धा एक दूसरे से नहीं बल्कि स्वयं से ही है। स्कूलों के सभी शिक्षकों को साथ मिलकर स्कूल के सभी विद्यार्थियों में अकादमिक कौशल विकसित करना है। जिन स्कूलों को प्रमाण पत्र मिलेगा। उस स्कूल में पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों को भी प्रमाण पत्र मिलेगा। प्रमाणीकरण की घोषणा थर्ड-पार्टी आंकलन के तत्काल बाद वेब.पोर्टल पर की जाती है।

### 2 स्कूल राज्य स्तर में होंगे सम्मानित

*रायगढ़ जिले के सात विकासखण्ड धरमजयगढ़, घरघोड़ा, लैलूंगा, तमनार, रायगढ़,खरसिया एवं पुसौर में से 35 शाला का थर्ड पार्टी द्वारा आकलन किया गया। जिसमें 2 शाला अवार्ड हेतु नामित किए गए। जिसमें विकासखण्ड रायगढ़ के प्राथमिक शाला भदरापाली को प्लेटिनम अवार्ड एवं प्राथमिक शाला परसाडीपा को सिल्वर अवार्ड हेतु नामित किया गया है। आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उक्त दोनों स्कूलों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।*

### होरा - विपिन शोकाकुल परिजनों से मिले

**धमतरी** । ग्राम कानीडबरी निवासी सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व सरपंच राजेन्द्र मंडावी के आकस्मिक निधन पर आयोजित तीजनाहवन ,शोक मिलन कार्यक्रम में शामिल होकर पूर्व विधायक धमतरी गुरुमुख सिंह होरा, अध्यक्ष दुग्ध महासंघ छत्तीसगढ़ शासन विपिन साहू ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं शोक संतप्त परिवार से मिलकर संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उन्हें अपने चरणों मे स्थान दे ।

## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए बैठक ली

निर्वाचन का अब एक्चुअल काम शुरू होगा कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी

सारंगढ़.बिलाईगढ

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर डॉण् फरिहा आलम सिद्दीकी ने विधानसभा आम चुनाव 2023 के दौरान जिले में निर्वाचन संबंधी कार्यों के सुचारू संचालन एवं सफलतापूर्वक संपादन हेतु कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों.कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान लगभग 3 हजार निर्वाचन कर्मी की आवश्यकता होगी अत: पीपीईएस सॉफ्टवेयर में जिन विभागों के अधिकारियों.कर्मचारियों की एन्ट्री शेष हैए वे शीघ्र एन्ट्री पूरा करें। निर्वाचन में सेक्टर आफिसर का काम बहुत महत्वपूर्ण व संवेदनशील होता है।



कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों.कर्मचारियों से पूछा कि नाम निर्देशन पत्र क्या हैए डाकमत का उपयोग कैसे और कौन कर सकते हैं और उसके लिफाफा पत्र किस प्रकार तैयार की जाती हैए आदर्श आचरण संहिता और संपत्ति विरूपण क्या हैए मीडिया में पैड न्यूजए इस संबंध में जिन अधिकारियों.कर्मचारियों को जानकारी थाए उन्होंने जवाब दिया और शेष की जानकारी निर्वाचन कर्मचारियों द्वारा बताया गया। कलेक्टर ने निर्वाचन के लिए केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त प्रेक्षक अधिकारी के ठहरनेए वाहनए भ्रमण की समुचित व्यवस्था और राजनीतिक दलो से संबंधित अनुमतिए वाहन परमिटए नाम निर्देशन कार्यए प्रतीक आबंटनए नामांकनए नाम वापसीए मतदान दिवस की जानकारीए वीडियोग्राफीए वेबकॉस्टिंगए सी.विजिल और सी.टॉप जैसे महत्वपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में विशेष तैयारी एवं प्रशिक्षण करने कहा।

बैठक में निर्वाचन से संबंधित सामान्य शाखाए कर्मचारियों की व्यवस्थाए ईटीपीबीएस से संबंधित कार्यए यातायात व्यवस्थाए अधिकारियों.कर्मचारियों का प्रशिक्षणए जिला निर्वाचन प्रबंधनए कम्यूनिकेशन प्लानए सामान्य जानकारी का विधानसभावार व जिलेवार नक्शा तैयार करनाए चिन्हित प्रति तैयार करनाए मतपत्र प्रूफ रीडिंगए प्रवेश पत्र शाखाए निर्वाचन प्रपत्र एवं सामग्री का निर्वाचन स्टोरए सामग्री क्रय एवं निविदा कार्यए चिकित्सा दलए शिकायत शाखा.सी विजिलए निर्वाचन व्यय शाखाए निर्वाचनकर्मियों का मानदेयए कानून एवं सुरक्षा व्यवस्थाए मतपत्र मुद्रण एवं स्ट्रांगरूम में भंडारणए वेब कॉस्टिंग व कम्प्यूटीकरणए इव्हीएम और व्हीव्हीपैट का प्रशिक्षण और मतदाता जागरूकता कार्यक्रमए मीडिया प्रमाणन अनुवीक्षण व पैड न्यूज ;एमसीएमसीद्धए मतदाता जागरूकता ;स्वीपद्ध कार्यक्रमए मतदान सामग्री वितरण केन्द्रए वापसी एवं मतगणना स्थल की बेरिकेडिंग की व्यवस्थाए निर्वाचन कार्य के दौरान विद्युतए माइकए टेन्टए लाईट की व्यवस्थाए मतदान दलों हेतु रूट चार्ट एवं नक्शा तैयार करनाए मतदान केन्द्रों का पेयजलए छायाए सफाई का भौतिक सत्यापनए कर्मचारी कल्याण शाखाए वेलफेयर अंतर्गत मतदान कर्मियों के ठहरनेए पेयजलए शौचालय की व्यवस्थाए जलपान एवं भोजन व्यवस्थाए मतगणना हेतु आवश्यक व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों.कर्मचारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इन सभी कार्यों के लिए जिले के अधिकारियों.कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाजए डिप्टी कलेक्टर टीण्आरण् महेश्वरीए बीण् एक्काए सीएमएचओ डॉण् एफण्आरण् निराला सहित जिले के सभी राजस्व अधिकारीए सीएमओ एवं अन्य विभाग के अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित थे

## अन्तर्राज्जीय चेकपोस्ट का किया निरीक्षण

# आईजी अन्तर्राज्जीय चेकपोस्ट का किया निरीक्षण- बोले ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

जोहार छत्तीसगढ़-बलरामपुर-सूरजपुर।

25 जुलाई 2023 को पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण एलिसेला के द्वारा छत्तीसगढ़ के जिला बलरामपुर एवं सूरजपुर से लगे अन्तर्राज्जीय मध्यप्रदेश बॉर्डर के चेकपोस्ट का जायजा लेने पहुंचे।






* आईजी सरगुजा रेंज ने छत्तीसगढ़ के बलरामपुर व सूरजपुर जिले से लगे मध्यप्रदेश की सीमा के
* जिला बलरामपुर के थाना रघुनाथनगर अंतर्गत चौकी बलंगी स्थित तुगवा बॉर्डर एवं सूरजपुर के नवाटोला का किया निरीक्षण
* जिला बलरामपुर के थाना थाना बसंतपुर अंतर्गत चौकी वाड्रफ नगर का आकस्मिक निरीक्षण
* सूरजपुर जिले के थाना चांदनी का किया आकस्मिक निरीक्षण, कार्यो में सुधार के दिए निर्देश

जिला बलरामपुर के थाना रघुनाथनगर अंतर्गत चौकी बलंगी स्तिथ तुगवां बॉर्डर एवं जिला सूरजपुर के नवाटोला बॉर्डर का भी निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान आई कल्याण एलिसेला सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग के साथ पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला भी मौजूद रहे। चेकपोस्ट पर स्थापित सीसीटीव्ही कैमरा का जायजा लिया, तैनात अधिकारी व जवानों का हौसला अफजाई करते हुए उन्हें सजगता के साथ अवैध गांजा व शराब सहित अवैध गतिविधियों-कार्यो के विरूद्ध सख्ती से कार्य करने एवं आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के निर्देश दिए।

### चौकी वाड्रफनगर एवं थाना चांदनी का औचक निरीक्षण

आई कल्याण एलिसेला सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग द्वारा रेंज की पुलिसिंग में कसावट लाने एवं मैदानी क्षेत्र के थानों का जायजा लेने अचानक पहुंचे जिला बलरामपुर के थाना बसंतपुर अंतर्गत चौकी वाड्रफ नगर एवं सूरजपुर के थाना चांदनी। थाना पहुंचते ही उन्होंने थाना/चौकी परिसर का विधिवत निरीक्षण किए। थाना/ चौकी में संधारित विभिन्न पंजियों जैसे तैनाती रजिस्टर, जरायम पंजी, दैनिक डायरी, बंदी-गृह मालखाना, शत्रागार के साथ-साथ सीसीटीएनएस कक्ष का अवलोकन किया। औचक निरिक्षण के दौरान आईजी द्वारा थाना प्रभारी सहित समस्त स्टॉफ को निर्देशित किया गया की ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं हो निरंतर गस्त व पेट्रोलिंग करने के साथ-साथ थाना/ चौकी क्षेत्र अंतर्गत असमाजिक तत्वों जैसे गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश जैसे संदिग्धो पर सतत निगरानी बनाए रखने हेतु सक्त निर्देश दिए। लंबित प्रकरणों का यथाशीघ्र निकाल करने एवं समंस- वारंट की तामिली समय-सीमा में करने निर्देश दिए। आई द्वारा निर्देशित किया गया कि गंभीर अपराध, गुम बालक-बालिकाओं, चिटफंड जैसे मामलों में थाना/चौकी प्रभारी स्वयं विवेचना करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान जिला बलरामपुर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी वाड्रफ नगर अभिषेक झा सहित थाना/चौकी प्रभारी एवं सूरजपुर के संबंधित थाना/चौकी प्रभारी सहित पुलिस स्टॉफ मौजूद रहें।

### चेकपोस्ट पर बरते कड़ी चौकसी

पुलिस के कार्यों व सक्रियता को परखने, अंतर्राज्जीय सीमा पर बने चेक पोस्ट पर जवानों की सक्रियता का जायजा लेने पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा व पुलिस अधीक्षक सूरजपुर चांदनी थाना क्षेत्र अन्तर्गत छत्तीसगढ़.मध्यप्रदेश के सीमा पर चौकी बलंगी स्थित तुगवां बॉर्डर एवं जिला सूरजपुर के चांदनी नवाटोला चेकपोस्ट का जायजा लिया। चेकपोस्ट पर कड़ी चौकसी के लिए लगाए गए सीसीटीव्ही कैमरा का अवलोकन कर फु टेज रिकार्डिंग क्षमता को जाना और बेहतर रख-रखाव के निर्देश दिए। तैनात अधिकारी व जवानों को कहा कि आपकी निगाह से अवैध शराब व गांजा की तस्करी करने वाले बचने नहीं चाहिए, अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगाह रखे, संदिग्ध वाहनों की कड़ी जांच की जाए एवं किसी भी परिस्थिति में धान का अवैध परिवहन न होने पाए। इस दौरान दोनों जिले के पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### सारंगढ़ में यूनिवर्सिटी के लिए स्वीकृति और फंड देंगे-नंदकुमार बघेल

* नंदकुमार बघेल का सारंगढ़ प्रवास

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता और अखिल भारतीय कुर्मी किसान मजदूर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकुमार बघेल का जिले के प्रवास के दौरान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ में विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े सहित अन्य प्रतिनिधियों ने पुष्प माला से स्वागत किया। विद्यालय सभाकक्ष में स्कूली छात्र-छात्राओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से बघेल का स्वागत किया। यहां आयोजित समारोह में विधायक जांगड़े ने कहा कि सभी स्कूली छात्राएं प्रतिदिन स्कूल आएं और पढ़ाई करें। अब रायपुर बिलासपुर जाने की जरूरत नहीं, जिले में अब स्कूल-कॉलेज खुल रहे हैं। आप लोगों को कलेक्टर, एसपी, इंजीनियर बनना है और इस मंच पर आसीन होकर अपने माता-पिता, स्कूल, क्षेत्र का नाम रौशन करना है। समारोह में नंदकुमार बघेल ने स्कूली छात्राओं को प्रमाण और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। एक बालिका के प्रश्न हमें अब यहां यूनिवर्सिटी चाहिए, के जवाब में बघेल ने यूनिवर्सिटी के स्वीकृति के लिए हामी भरी और जो भी फंड की जरूरत होगी। वो पूरा करेंगे। इस अवसर पर राजमहंत सरजू प्रसाद धृतलहरे, विधायक प्रतिनिधि गनपत जांगड़े, अरूण मालाकार, संजय दुबे, गोल्डी नायक,मंजूलता आनंद, अविनाश पुरी गोस्वामी सहित जिला शिक्षा अधिकारी डेजी रानी जांगड़े, एबीईओ मुकेश कुर्रे सहित विद्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## बाईक चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**फरसगांव।** फरसगांव नगर के अस्पताल चौक में स्तिथ चाय दुकान के सामने रात को हुई बाइक की चोरी के मामले में फरसगांव पुलिस को सफलता मिली है, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है ।

प्रार्थी प्रतीक कुमार पुजारी पिता यशवंत पुजारी निवासी फरसगांव ने अपने नीले रंग की बिना नम्बर की बजाज पल्सर मोटर सायकल को 20 जुलाई को रात अस्पताल चौक में स्तिथ अपने चाय दुकान ने आंगन में खड़ा किया था अगली सुबह बाईक दुकान में नही थी, प्रार्थी की चोरी की सुचना पर थाना फरसगांव में अपराध क्रमांक 65/23 धारा 457, 380 भादवि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में तकनीकी सहायता एंव मुखबीर सूचना पर ग्राम बेधवापथरा, धमतरी छ.ग. जाकर अज्ञात आरोपी का पता तलाश करने पर ग्राम बेधवापथरा निर्माणाधीन पुल के पास एक संदेही आरोपी मिला जिससे पुछताछ करने पर अपना नाम संजय सलाम पिता शिव कुमार सलाम उम्र 21 साल ग्राम बेधवापथरा धमतरी का होना बताया । जिसे घटना के बारे में बारीकी से पूछताछ करने पर आरोपी संजय कुमार सलाम द्वारा उक्त चोरी की घटना को अपने साथी मेहत्तर मंडावी पिता नारायण मंडावी उम्र 21 साल निवासी ग्रांम बेधवापथरा जिला धमतरी के साथ घटना करना स्वीकार किया गया । आरोपी संजय उर्फ संजु के पास से चोरी किया हुआ बजाज पल्सर मोटर सायकल और घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 ए ई 8923 को बरामद कर जप्त किया गया व आरोपी संजय उर्फ संजु को हिरासत में लेकर थाना फरसगांव लाया गया, जिसे गिरफ्तार कर संजय उर्फ संजु सलाम को न्यायिक रिमाण्ड के लिए जेल भेजा गया है।

# 10 बाइक चोरी करने वाले शातिर चोर गिरफ्तार

कीमती करीबन 5,90,000 रूपये का बाईक बरामद, 02 आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, सायबर सेल नोडल अधिकारी एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन पर संपत्ति संबंधी अपराधो पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु आसूचना तंत्र मजबूत करने, सतत पेट्रोलिंग एवं गस्त सुदृढ कर संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर निगाह रखने एवं स्थायी वारेटीयों का पता तलास हेतु आवश्यक दिशा, निर्देश दिया गया है। इसी दौरान सायबर सेल बेमेतरा एवं पुलिस चौकी देवरबीजा स्टॉफ को चौकी देवरबीजा में चोरी हुई मोटर सायकल को एक व्यक्ति जिसका नाम सिकन्दर बंजारे पिता शिव कुमार बंजारे उम्र 32 साकिन ग्राम पदमी पुलिस चौकी देवरबीजा थाना व जिला बेमेतरा हाल मुकाम म.न. 247 हिरानगर अछोली थाना उरला जिला रायपुर के द्वारा चोरी की मोटर सायकल बिक्री करने की मुखबीर सूचना के अधार पर 25 जुलाई 2023 को पुलिस चौकी देवरबीजा एवं सायबर सेल बेमेतरा के द्वारा पूछताछ करने पर पिछले दो वर्षो से अलग-अलग स्थान ग्राम ढूंढा, तिल्दा नेवरा, गडई, भाटापारा, बेमेतरा, गिरोध मादर, सरोरा उरला, जेडी ढाबा टेमेरी शिवनाथ नदी से, कुल 08 मोटर सायकल एवं 02 स्कूटी को चोरी करना स्वीकार करने तथा चोरी किये मोटर सायकल व स्कुटी में से 04 मोटर सायकल और 01 स्कुटी अपने साथी सोनू निर्मलकर पिता बुधराम निर्मलकर उम्र 27 वर्ष साकिन ग्राम सैगोना थाना थान खम्हरिया जिला बेमेतरा हाल पता बरहापुर चौक धमधा जिला दुर्ग के पास बिक्री हेतु रखे होना अपराध करना स्वीकार करने पर आरोपी सिकन्दर बंजारे से कुल 04 मोटर सायकल और 01 स्कुटी कुल किमती 02 लाख 80 हजार रूपया एवं सोनू निर्मलकर के पास बिक्री हेतु रखे कुल 04 मोटर सायकल 01 स्कुटी कुल किमती 03 लाख 10 हाजार रूपये कुल 10 नग मोटर सायकल अनुमानित कीमत 5,90,000.रूपये पांच लाख नब्बे हजार रूपये को बरामद कर जप्त किया गया है। आरोपीगण को विरूद्ध विधिवत् गिरफ्तार कर वैधनिक कार्यवाही की जा रहा है। उपरोक्त कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल व एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सउनि सुभाष सिंह, सायबर सेल प्रभारी सउनि अरविन्द्र शर्मा, सायबर सेल प्रधान आरक्षक मोहित चेलक, रामेश्वर मांडले, अशरफ खान, भागवत सिंह, लोकेश सिंह, आरक्षक इंद्रजीत पाण्डेय, विनोद पात्रे, राजेश ध्रुव, राजेन्द्र जायसवाल, विक्रम सिंह, पंचराम घोरबंधे, रामेश्वर पटेल, रमेश चंद्रवंशी, कैलास पाटिल, डामन धीवर एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

### जनचौपाल में अपर कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं दिए निराकरण के निर्देश

160 लोगों ने जनचौपाल में दिए आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।





कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनचौपाल में अपर कलेक्टर प्रदीप साहू ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपर कलेक्टर साहू से मुलाकात कर अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर आवेदन दिए। जिसके शीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। जनचौपाल में आज 160 लोगों ने आवेदन दिए। इन आवेदनों में स्वास्थ्य इलाज हेतु सहायता, स्वामी आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश, आर्थिक सहायता, मुआवजा प्रकरण के निराकरण, लंबित मजदूरी भुगतान, बिजली समस्या संबंधी शिकायतें, नामांतरण, सीमांकन, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, सहायक उपकरण, रोजगार की मांग जैसे सहित अन्य आवेदन शामिल है। जन चौपाल में अपर कलेक्टर प्रदीप साहू ने सभी आवेदनों पर गंभीरता से कार्यवाही और शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए हैं। इस दौरान सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सेन्ट्रल वर्क्सशाप एसईसीएल में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

देश के सुचारू रूप से संचालन हेतु कानून का होना आवश्यक-अपर जिला सत्र न्यायाधीश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।






छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के प्लान आफ एक्शन 2023.24 के अनुसार विद्यालय, महाविद्यालय शिक्षण संस्थान एवं अन्य संस्थान तथा सामुदायिक भवन, नगर निगम, ग्रामीण एवं अन्य क्षेत्रों में जन सामान्य को कानून के संबंध में अवगत कराये जाने के लिए जिला स्तर पर डीएल, कटकवार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन में जयप्रकाश कॉलोनी, सेन्ट्रल वर्क्सशाप, एसईसीएल् कोरबा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विक्रम प्रताप चन्द्रा एवं कृष्ण कुमार सूर्यवंशी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा छात्र-छात्राओं को जनोपयोगी कानून के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई। चन्द्रा के द्वारा छात्र-छात्राओं को बताया गया कि कानून का पालन करना अति आवश्यक है। कानून नहीं होगी तो अराजकता फैल जाएगा। किसी भी समाज के सुचारू संचालन के लिये कानून का होना बहुत ही जरूरी है। उनके द्वारा बालकों के संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदाय किया गया। इसी प्रकार सूर्यवंशी द्वारा बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदाय करना है ताकि समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को न्याय से वंचित होना न पड़े। विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से जन सामान्य को जनोपयोगी कानून के संबंध में जागरूक करता है।

साथ ही छात्र-छात्राओं को साइबर लॉ, मोटर व्हीकल एक्ट की जानकारी दी गई। न्यायाधीशों के द्वारा छात्र-छात्राओं के जिज्ञासा का समाधान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य व्हीदास, व्याख्याता नीलमणी कुजुर सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय सीनियर बैडमिंटन की तैयारियां जोरों पर

जिला बैडमिंटन संघ के आतिथ्य में होगा टूर्नामेंट

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।






छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एसोसिएशन के द्वारा जिला बैडमिंटन संघ सूरजपुर को स्टेट लेबल सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का आतिथ्य दिए जाने व 29 जुलाई से 2 अगस्त तक आहूत होने वाले स्पर्धा को लेकर जिला बैडमिंटन संघ के द्वारा व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। संघ के पदाधिकारी व सदस्यों के साथ बैडमिंटन खेल प्रेमियों के द्वारा टूर्नामेंट के आयोजन के मद्देनजर विभिन्न समितियों का गठन कर बेहतर आयोजन को मूर्तरूप देने के लिए आवश्यक तैयारियों को अंजाम देना शुरू कर दिया है। नगर पालिका के स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में आहूत होने वाली सीनियर बैडमिंटन के लिए दो कोर्ट में सांसद निधि से नए मैट लगाए गये हैं। वहीं नगर पालिका के द्वारा लाईटिंग सहित अन्य कार्यों को द्रुत गति से पूर्ण किया जा रहा है। बैडमिंटन संघ के पदाधिकारियों ने तैयारियों की समीक्षा को लेकर अध्यक्ष अनिल गोयल के कार्यालय में कई चरणों में बैठक करने के साथ बैडमिंटन हॉल में भी तैयारियों का जायजा लिया और समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व 2016 व 2019 में सूरजपुर में राज्य स्तरीय बैडमिंटन का शानदार आतिथ्य संपन्न हो चुका है। 29 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित होने वाला बैडमिंटन टूर्नामेंट नगर पालिका के स्पोर्टस कॉम्पलेक्स बैडमिंटन इंडोर हॉल शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय परिसर में आयोजित होगा। जिसमें सिंगल, डबल के साथ मिक्स डबल की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। उक्त प्रतियोगिता में 29 व 30 अगस्त को क्वालीफाइंग राउंड आयोजित होंगे तथा उसके उपरांत 31 जुलाई से 2 अगस्त तक मेन ड्रा के मैच संपन्न होंगे। आयोजकों ने बताया कि उक्त बैडमिंटन स्पर्धा में प्रदेश के कई ख्यातिलब्ध राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शिरकत करेंगे। सीनियर वर्ग की स्टेट लेबल प्रतियोगिता से प्रदेश की वेस्ट जोन टीम का निर्धारण किया जायेगा। टूर्नामेंट के आयोजन की तैयारियों को लेकर संघ के अनिल गोयल, विजय कांडे, संदीप अग्रवाल, सुनील अग्रवाल,बांकेबिहारी अग्रवाल, नीलकंण राजवाड़े, रितेश अग्रवाल, प्रमोद तायल, सोमेश सिंह लांबा, हरेन्द्र सिंह, सनी अग्रवाल, एससी मुखर्जी, प्रसून गोयल, विकास अग्रवाल, विजय हथगेन, यश अग्रवाल, प्रसिद्ध गोस्वामी, फि रदौस रजा, अनुज गुप्ता, संजीत सिंह, सुमित मित्तल, उमेश गुप्ता, रूपेश भगत सहित जिले के बैडमिंटन खिलाड़ी कई दौर की बैठकें कर तैयारियों में जुटे हैं। संघ ने स्वागत समिति, आवास समिति,हॉल समिति, प्रचार-प्रसार समिति, परिवाहन समिति, उदघाटन, समापन सत्र समिति, पंजीयन समिति के साथ अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर पृथक-पृथक जिम्मेदारियां संघ के सदस्यों को दी है।

## ड्रीम गर्ल 2 का नया पोस्टर आया सामने, आयुष्मान खुराना ने अपने अनोखे अवतार से जीता दिल



ड्रीम गर्ल 2 की एक झलक भर पाने के लिए लोगों का उत्साह तेज होता जा रहा है और ऐसा हो भी क्यों न आखिर ड्रीम गर्ल पूजा के दीवानों की लिस्ट इंडस्ट्री के सभी बड़े सुपरस्टार्स से भरी जो पड़ी है, जिसमें लेटेस्ट एंट्री रॉकी की हुई है। हालांकि ड्रीम गर्ल की प्रेम कहानी की हालिया झलक में भी जब उनके सुंदर मुखड़े का दीदार नही हुआ, तो लोगों की बेकरारी का लेवल और बढ़ गया। पर अब लगता है कि ड्रीम गर्ल की झलक देखने का ड्रीम पूरा होने को आया है फिल्म के एक नए और दिलचस्प पोस्टर के साथ। ये पोस्टर पहले से ही सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। इसमें आयुष्मान खुराना को एक आकर्षक नए अवतार में दिखाया गया है। वाइब्रेंट पर्दे के पीछे से बाहर निकलते ही दर्शकों को केवल उनका चेहरा ही दिखाई देता है।



## पिंक शिमरी साड़ी में एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती की खूबसूरती पर फैंस ने लुटाए दिल, फोटो देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर

एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती अपनी ग्लैमरस अदाओं और खूबसूरती से किसी को भी अपना बनाने का हुनर बखूबी जानती हैं। वहीं, उनकी पिंक साड़ी में स्टाइलिश तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने पिंक कलर की शिमरी साड़ी में बेहद ही स्टनिंग और ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं।

ओपन हेयर स्टाइल के साथ एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती गजब की बला लग रही हैं। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। डीपनेक स्टाइलिश ब्लाउज के साथ अपनी बैक फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। उनकी तस्वीरों पर फैंस बेशुमार प्यार लुटा रहे हैं। फिल्मी करियर से ज्यादा सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली रिया चक्रवर्ती अपने बोल्ड अंदाज से फैंस के दिलों पर बिजलियां गिराए रहती हैं। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती की हसीन अदाएं, कमसिन अंदाज और कातिलाना आंखे किसी का भी दिल चुरा लें। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने ओपन हेयर स्टाइल और मेकअप में अपने हुस्न के जलवे दिखाए, जिन्हें देखकर फैंस आहें भर रहे हैं। एक्ट्रेस इस आउटलुक में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। रिया चक्रवर्ती फिल्म एक्ट्रेस हैं , लेकिन फिल्मी करियर उनका कुछ खास नहीं रहा। साथ ही सुशांत केस के बाद उन्हें फैंस की काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी।


## हंसल मेहता की फिल्म से होश उड़ाएंगी करीना कपूर

निर्देशक हंसल मेहता पिछले कई दिनों से करीना कपूर खान के साथ एक फिल्म करने को लेकर चर्चा में हैं। इसके जरिए उन्हें पहली बार करीना संग काम करने का मौका मिला है और वह उनके मुरीद हो गए हैं। मेहता ने जब से करीना के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू की है, वह कई बार उनकी तारीफों के पुल बांध चुके हैं। हाल ही में उन्होंने करीना और फिल्म में उनकी भूमिका को लेकर बातचीत की।

मेहता ने कहा, करीना के साथ काम करना खुशी की बात है। उनमें बिल्कुल भी अहम नहीं है। मेरा उनके साथ बिल्कुल वैसा ही तालमेल है, जैसा राजकुमार राव, मोहम्मद जीशान अय्यूब और करिश्मा तन्ना के साथ है। उन्होंने कहा, करीना के साथ काम करने का अनुभव शानदार रहा। हमने शूटिंग का पूरा लुत्फ उठाया। करीना सचमुच एक बेहद शानदार अदाकारा हैं। उनकी जितनी तारीफ की जाए, उतनी कम है। मेहता कहा, करीना का किरदार फिल्म में ऐसा है, जो उन्होंने इससे पहले आज तक नहीं किया। इस थ्रिलर फिल्म में करीना पुलिस की वर्दी पहने नजर आएंगी। वह फिल्म में एक दमदार पुलिसकर्मी की भूमिका में दिखेंगी। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर मैं यह कहूंगा कि इस फिल्म के जरिए एक नई करीना आप सबके बीच आने वाली हैं। उनका किरदार उनकी पिछली फिल्मों से बिल्कुल जुदा है। उनकी फिल्मोग्राफी में एक बिल्कुल नई फिल्म जुडने जा रही है। मेहता की इस फिल्म की कहानी लंदन में सेट की गई है, जो पुलिस के इर्द-गिर्द घूमती है। करीना का किरदार इस फिल्म के केंद्र में होगा। मेहता के मुताबिक, अभी तक करीना को दर्शकों ने ज्यादातर मसालेदार या रोमांटिक फिल्मों में देखा होगा, लेकिन इतने संजीदा किरदार में उन्हें देखना दर्शकों के लिए बेशक किसी तोहफे से कम नहीं होगा।



## राकेश रोशन द रोमांटिक्स की तरह रोशन परिवार पर बनाएंगे डॉक्युमेंट्री



राकेश रोशन ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपने पिता और लोकप्रिय संगीतकार रोशनलाल नागरथ को श्रद्धांजली दी थी। अब खबर है कि वह रोशन परिवार और सिनेमा जगत में उसके योगदान पर एक डॉक्युमेंट्री बनाने जा रहे हैं। रोशन परिवार की 3 पीढ़ियां सिनेमा जगत में सक्रिय रही हैं और अपने-अपने क्षेत्र में सभी ने उम्दा काम किया है। ऐसे में डॉक्युमेंट्री के रूप में इसे सहेजना दर्शकों के लिए भी दिलचस्प होगा।

खबर के अनुसार, राकेश रोशन, रोशन परिवार पर एक डॉक्युमेंट्री बनाने जा रहे हैं। यह डॉक्युमेंट्री परिवार की 3 पीढ़ियों के योगदान को दिखाएगी, जिसकी शुरुआत संगीत निर्देशक रोशन लाल से होगी। रोशन लाल 50-60 के दशक में लोकप्रिय संगीत निर्देशकों में शुमार थे। उनके बाद उनके बेटे राकेश और राजेश रोशन ने फिल्म निर्माण में कदम रखा और बॉलीवुड को एक से बढ़कर एक फिल्में दीं। अब ऋतिक रोशन बॉलीवुड के सुपरस्टार में से एक हैं।

रोशन परिवार पर आधारित यह डॉक्युमेंट्री सितारों से सजी होगी, जिसमें अलग-अलग कलाकार रोशन परिवार के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करेंगे। इसमें कलाकारों के खास इंटरव्यू शामिल किए जाएंगे और पुराने संजोय हुए फुटेज भी दिखाए जाएंगे। ऐसे में न सिर्फ रोशन परिवार की, बल्कि सिनेमा जगत की कई यादगार और रोचक कहानियां सामने आ सकती हैं।

## हीरो कार्तिकेय-नेहा शेट्टी की बेदुरलंका 2012 25 अगस्त को रिलीज होगी

युवा और प्रतिभाशाली अभिनेता कार्तिकेय गुम्माकोंडा की अगली फिल्म अपने कॉन्सेप्ट पोस्टर के ऑनलाइन आने के बाद से ही शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है। उम्मीद है कि यह एक रोमांचक ग्रामीण ड्रामा होगी, इसका शीर्षक बेदुरुलंका 2012 है और इसका निर्देशन नवोदित क्लैक्स ने किया है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता बैनर लोक्या एंटरटेनमेंट्स ने इसे वित्तपोषित किया है। डीजे टिल्लू फेम नेहा शेट्टी ने मुख्य भूमिका निभाई है।




बाजार में फिल्म को लेकर चल रही तमाम अटकलों के बीच, बेदुरुलंका 2012 के निर्माताओं ने आखिरकार आज एक दिलचस्प पोस्टर के साथ रिलीज की तारीख 25 अगस्त, 2023 की घोषणा कर दी है। निर्माता रवींद्र बेनर्जी मुप्पानेनी (बेनी) और प्रस्तुतकर्ता सी. युवराजू इसकी विश्वव्यापी रिलीज को लेकर बेहद आश्वस्त हैं। इस अवसर पर बोलते हुए निर्माता बेनी कहते हैं, हम पूरे जोरों पर एक भव्य रिलीज का लक्ष्य बना रहे हैं। दिलचस्प प्रचार सामग्री आने वाली है। हम आपके लिए 25 अगस्त को सिनेमाघरों में सीजन का एक सौंदर्यपूर्ण, रहस्यमय और प्रफुल्लित करने वाला मनोरंजन ला रहे हैं।

## बवाल की सक्सेस पर इमोशनल हुईं जान्हवी कपूर, फैंस को ऐसे किया थैंक्यू



वरुण धवन और जान्हवी कपूर स्टारर बवाल हाल ही में एक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी. नितेश तिवारी की डायरेक्शन में बनी इस रोमांटिक ड्रामा में पहली बार दोनों स्टार ने एक साथ काम किया है. फिल्म को सोशल मीडिया पर पॉजिटिव रिव्यू मिल रही है. वहीं वरुण और जान्हवी को उनके परफॉर्मेंस के लिए काफी तारीफ भी मिल रही है. रविवार को, जान्हवी ने अपने फैंस को बवाल पर प्यार देने के लिए धन्यवाद कहा, जिसके लिए एक्ट्रेस ने एक लंबा नोट शेयर किया. फिल्म बवाल की रिलीज के कुछ दिनों बाद, जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के लिए एक नोट लिखा. जान्हवी ने उनके परफॉर्मेंस की सराहना करने और बवाल में उनके किरदार निशा पर प्यार बरसाने के लिए फैंस का आभार जताया. उन्होंने फिल्म के को- एक्टर वरुण धवन के साथ अपनी तस्वीरें भी शेयर कीं. एक्ट्रेस ने लिखा, आपका प्यार... बवाल रहा है... निशा को आपके प्यार के लिए, अज्जू को सुधारने के लिए, हमारी कहानी और काम को इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद... कमेंट्स में फैन्स ने फिल्म और जान्हवी की एक्टिंग की तारीफ की. एक फैन ने लिखा, आपकी एक्टिंग बहुत पसंद आई. आपने अपनी माँ को प्राउड किया है, लव यू लड़की, जबकि एक अन्य ने कहा, तुम खुद बवाल हो, या फिल्म बवाल है. पोस्ट शेयर करने के तुरंत बाद जान्हवी के रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया ने भी कमेंट की. बवाल में वरुण धवन इतिहास के टीचर अजय की भूमिका निभा रहे हैं।

# खेल





*देवधर ट्रॉफी 2023 का आगाज हो गया है। टूर्नामेंट के तीसरे मुकाबले में वेस्ट जोन ने नॉर्थ ईस्ट जोन को नौ विकेट से हरा दिया। वेस्ट जोन के कप्तान प्रियांक पांचाल और सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई ने फिफ्टी लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। सोमवार को खेले गए 2 अन्य मुकाबलों में साउथ ने नॉर्थ जोन को 185 रन से हराया। वहीं ईस्ट ने सेंट्रल जोन पर 6 विकेट से जीत दर्ज की। वेस्ट जोन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। नॉर्थ ईस्ट जोन पहले बल्लेबाजी करते हुए 47 ओवर में 207 रन पर ऑल आउट हो गया। जवाब में वेस्ट जोन ने 25.1 ओवर में ही एक विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।*

देवधर ट्रॉफी 2023...

## वेस्ट जोन ने नॉर्थ-ईस्ट जोन को हराया:नॉर्थ जोन 60 रन पर ऑलआउट, ईस्ट जोन 6 विकेट से जीता

पहले बल्लेबाजी करने उतरी नॉर्थ इस्ट जोन टीम के लिए कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। टीम के लिए इमलीवाती लेम्तुर ने सबसे ज्यादा 38 रन की पारी खेली। लंग्लोन्याम्बा मीतान कीशांगबाम ने 30, पलजोर तमांग 29 और जेहु एंडरसन ने 24 रन की पारी खेली। वेस्ट जोन के लिए अर्जन नगवासवल्ला ने 3 विकेट झटके। उनके अलावा शम्स मुलानी और शिवम दुबे को 2-2 विकेट मिले।

टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्ट जोन की टीम ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। वेस्ट जोन के लिए पांचाल ने 69 गेंदों में 7 चौके और 7 छक्के की मदद से नाबाद 99 रन बनाए। हार्विक ने 71 गेंद में 85 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 4 चौके लगाए।




पुडुचेरी के ग्राउंड-2 में नॉर्थ और साउथ जोन के बीच मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी साउथ जोन की टीम से कप्तान मयंक अगरवाल और रोहन कुनुम्मल ने 117 रन की पार्टनरशिप की। रोहन ने 70 और मयंक ने 64 रन बनाए। विकेटकीपर नारायण जगदीसन ने भी 72 रन की पारी खेली और टीम का स्कोर 50 ओवर में 303 रन कर दिया। नॉर्थ जोन से संदीप शर्मा और मयंक मारकंडे को 2-2 विकेट मिले।

304 रन के विशाल टारगेट का पीछा करने उतरी नॉर्थ जोन टीम ने पारी शुरू ही की थी कि बारिश होने लगी। बारिश थमने के बाद वी जयदेवन सिस्टम से टारगेट और ओवर घटाए गए। नॉर्थ जोन को 28 ओवर में 246 रन का लक्ष्य मिला। टीम 23 ओवर में 60 रन बनाकर ही ऑल आउट हो गई। मनदीप सिंह ने 18 और शुभम खजुरिया ने 10 रन बनाए, बाकी बैटर्स दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। साउथ जोन से विद्वत कवरेप्पा ने 5 विकेट लिए। विजयकुमार व्यशक को 2, वहीं वासुकी कौशिक, साई किशोर और वॉशिंगटन सुंदर को 1-1 विकेट मिला।

### एक नजर

फीफा महिला विश्व कप

## जर्मनी ने मोरक्को को 6-0 से हराया

**मेलबर्न** । कप्तान एलेक्जेंड्रा पॉप के दो गोल की मदद से जर्मनी ने मेलबर्न रेक्टेंगुलर स्टेडियम में नवागंतुक मोरक्को पर 6-0 से बड़ी जीत के साथ अपने फीफा महिला विश्व कप अभियान की शानदार शुरुआत की। दो बार की चैंपियन जर्मनी की टीम इससे पहले फीफा महिला विश्व कप में अपने पिछले 24 ग्रुप-स्टेज मैचों में से केवल एक हारी थी। पहली बार प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही मोरक्को कभी उसे चुनौती देता नहीं दिखा।



मोरक्को 11वें मिनट में ही पिछड़ गया जब कप्तान पोप हेडर करके जर्मनी को 1-0 से आगे कर दिया। हाफ टाइम से ठीक पहले एक और हेडर के साथ जर्मनी ने 2-0 की बढ़त हासलि कर ली।


क्लारा बुहल ने दूसरे हाफ के पहले मिनट में गोल किया। इसके बाद मोरक्को के घावों पर नमक छिड़कते हुए जर्मनी ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली। मोरक्को ने दो आत्मघाती गोल किए और अंत में शूलर ने इंजुरी टाइम में गोल करके टीम को बड़ी जीत दिलाई।

इस वर्ग की अन्य दो टीमों, कोलंबिया और कोरिया गणराज्य के बीच मंगलवार को होने वाले मैच से पहले जर्मनी अब ग्रुप एच के शीर्ष पर मजबूत बढ़त बनाए हुए है।

**IND-WI** दूसरा टेस्ट/पांचवां दिन

## बारिश ने फिर इंतजार बढ़ाया, पहला सेशन धुल चुका है

भारत और वेस्टइंडीज के बीच पोर्ट ऑफ स्पेन में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। आज मुकाबले का पांचवां दिन है और पहले सेशन का खेल बारिश की भेंट चढ़ गया है। दूसरे सेशन का खेल थोड़ी ही देर में शुरू होने जा रहा है। शेष दो सेशन में 67 ओवर फेंके जाएंगे। फिलहाल, बारिश बंद है और पिच तैयार कर दी गई है और दोनों टीमें स्टेडियम पहुंच चुकी हैं। चौथे दिन वेस्टइंडीज को 365 रन का टारगेट मिला। टीम ने स्टंप्स तक 2 विकेट पर 76 रन बना लिए। भारत से दोनों विकेट रविचंद्रन अश्विन ने लिए। टीम इंडिया को मैच और सीरीज जीतने के लिए 8 विकेट की जरूरत है। भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई हुई है।



रवि अश्विन की मिडिल-ऑफ स्टंप लेंथ पर बॉल को ब्रेथवेट स्वीप करना चाहते थे। बॉल बैट के ऊपरी हिस्से में लगकर फाइन लेग की दिशा में चली गई और जयदेव उनादकट ने आसान कैच कर लिया।

आखिरी दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले सेशन का खेल बारिश के कारण नहीं हो सका। यहां सुबह से तेज बारिश होती रही।

रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा की जोड़ी ने मिलकर 500 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए हैं। यानी दोनों ने साथ में टेस्ट खेलते हुए 500 शिकार कर लिए हैं, इनमें अश्विन ने 274 और जडेजा ने 226 विकेट हासिल किए।

## हरमनप्रीत कौर पर लग सकता है 2 मैचों का बैन

### बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में स्टंप पर बैट मारा था, अंपायर के फैसले से नाराज थीं

कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि भारतीय कप्तान को 2 मैचों के लिए बैन किया जा सकता है। हालांकि, इस पर ICC ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन हरमनप्रीत को ICC के कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 2 का उल्लंघन करने का दोषी माना जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो हरमन कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 2 का उल्लंघन करने वाली पहली वीमेन क्रिकेटर बन जाएगी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने बांग्लादेश के खिलाफ भारत के तीसरे और आखिरी वनडे के दौरान स्टंप पर बैट मार दिया था। हरमन अंपायर के फैसले से नाराज थीं।



### क्या है पूरा मामला

इंडियन विमेंस टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे में LBW आउट होने के बाद स्टंप्स को बैट मार दिया था। वह अंपायर के फैसले से निराश नजर आईं थी और पवेलियन लौटते हुए गुस्से में फील्ड अंपायर से कुछ कहते हुए भी दिखीं। ट्रॉफी फोटोशूट में उन्होंने ये तक कह दिया था कि यहां खिलाड़ियों के साथ अंपायर्स को भी होना चाहिए।

मैच के बाद भी उन्होंने अपना गुस्सा जाहिर किया और कहा, अंपायरिंग बहुत खराब रही, इंटरनेशनल लेवल पर इस तरह के फैसले बहुत निराशाजनक लगते हैं। हरमन 34वें ओवर में आउट हुईं और 226 रन के टारगेट का पीछा कर रही टीम इंडिया 225 रन ही बना सकी। तीसरा वनडे टाई हो गया और 3 वनडे की सीरीज 1-1 से बराबरी पर खत्म हुई मैच के अंपायर मुहम्मद कमरुज्जमान और तनवीर अहमद थे। दोनों अंपायर बांग्लादेश के ही थे।

## ऐसी सपाट पिच पर पांच विकेट लेना आसान नहीं है : मोहम्मद सिराज

**पोर्ट ऑफ स्पेन** । वेस्टइंडीज के मौजूदा दौरे में मोहम्मद सिराज को भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व करने की जरूरत थी। चींस पार्क ओवल की धीमी पिच पर चौथे दिन जहां गेंदबाजों के कुछ नहीं था, सिराज ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 60 रन पर पांच विकेट लेकर वापसी की और भारत को 183 रन की अच्छी बढ़त दिलाई। टेस्ट करियर में अपने दूसरे पंजे के लिए सिराज ने जोशुआ दा सिल्वा, जेसन होल्डर, अल्ज़ारी जोसेफ, केमार रोच और शैनन गेब्रियल को पैवेलियन का रास्ता दिखाया। सिराज ने दूसरी नई गेंद के साथ इनस्विंगर, आउटस्विंगर और वॉबल-सीम डिलीवरी का अच्छा मिश्रण किया जिससे वेस्टइंडीज के बल्लेबाज उन्हें अच्छी तरह नहीं खेल सके। तेज गेंदबाज ने बताया कि उनके लिए सपाट पिच पर सफल होना आसान नहीं था। उन्होंने कहा, सबसे पहले, यह प्रदर्शन वास्तव में अच्छा था क्योंकि इस तरह के सपाट विकेट पर पंजा लेना आसान नहीं है। पिच ज्यादा मदद नहीं कर रही थी। मैं इसे स्टंप टू स्टंप रखना चाहता था। वहां से अगर यह सीम करता है, तो यह वास्तव में अच्छा है।



## रोजगार मेला सप्ताह के दूसरे दिन 39 का हुआ मौके पर सलेक्शन

# शार्ट लिस्टेड अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर दी जाएगी जॉब

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में रोजगार मेला सप्ताह का आयोजन किया जा रहा हैं। 28 जुलाई तक चलने वाले इस रोजगार मेला सप्ताह के दूसरे दिन आज मौके पर 39 अभ्यर्थियों का मौके पर चयन किया गया। वहीं शार्ट लिस्टेड 19 अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया जारी है, जिसे जल्द ही पूरी कर ली जाएगी। स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें जिले के विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग साढ़े आठ सौ से अधिक पदों पर भर्ती की जा रही है। जहां जिले के रायगढ़ रोजगार मितान पोर्टल में रजिस्टर्ड आवेदक शामिल हो सकते है। जिला रोजगार अधिकारी रामजीत राम ने बताया कि जिला प्रशासन की पहल रोजगार मितान पोर्टल में पंजीकृत आवेदकों के लिए 28 जुलाई 2023 तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में रोजगार मेला सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

* तकनीकी क्षेत्र के विभिन्न पदों पर आज हुई इंटरव्यू
* कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल, जिला रोजगार विभाग कर रहा आयोजन
* 26 जुलाई को गैर तकनीकी क्षेत्र के विभिन्न पदों पर होगी भर्ती
* 28 जुलाई तक चलेगा रोजगार मेला सप्ताह

जिसके लिए जिले के विभिन्न कंपनियों से उनकी रिक्तियों की जानकारी लेकर विस्तृत कार्ययोजना अनुसार विभिन्न श्रेणियों की जॉब में भर्ती के लिए दिन निर्धारित किए गए। जिससे आवेदकों को सुविधा हो और पूरी प्रक्रिया सुगमतापूर्वक संपन्न हो।

### 26 जुलाई को इन पदों पर होगी भर्ती

रोजगार मेला सप्ताह के दौरान 26 जुलाई को गैर तकनीकी पदों पर भर्तियां की जायेंगी। रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसएमएफजी इंडिया रायगढ़ में ग्रुप क्रेडिट-सेल्स ऑफिसर, इंडीविजूअल सेल्स ऑफिसर, एयरटेल पेमेन्ट बैंक में रिटेल बैंकिंग मित्र, वेक्टर फाईनेंस में कस्टमर रिलेशनशिप ऑफिसर, ब्रांच ऑपरेशन एक्जीक्यूटिव के पद शामिल है। इसी तरह रायगढ़ ऑटो मोबाइल प्राईवेट लिमिटेड में सेल्स मेन, ब्रांच मैनेजर, मैकेनिक, सुपरवाईजर के पद रिक्त है। चैतन्य इंडिया माइक्रोफाईनेंस लिमिटेड में कस्टमर रिलेशनशिप एक्जीक्यूटिव, क्रेडिट एसेस ग्रामीण प्रा. लिमिटेड में ट्रेनी केन्द्र मैनेजर तथा फ्यूजन माइक्रो फाईनेंस खरसिया में रिलेशनशिप ऑफिसर के पद शामिल है।

## एक नजर

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविदा के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु दावा आपत्ति 31 जुलाई तक

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन व जिला स्वास्थ्य समिति जशपुर के अन्तर्गत रिक्त संविदा पदों पर नियुक्ति हेतु 25 जून 2023 तक ऑनलाइन के माध्यम से जिले के वेबसाईट में आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमें जिन अभ्यर्थियों के द्वारा ऑनलाईन आवेदन करते समय त्रुटि पूर्ण आवेदन अपूर्ण अथवा दस्तावेज अपलोड नहीं किया गया है वे 24 से 31 जुलाई 2023 सायं 5 बजे तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय जशपुर के आवक शाखा में स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति, त्रुटि सुधार दस्तावेज संलग्न करने हेतु आवश्यक दस्तावेज की स्वयं सत्यापित प्रति के साथ त्रुटि सुधार आवेदन जमा कर सकते है। इसके उपरांत किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

### मनोरा में लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजन 26 जुलाई को

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशन एवं जिला परिवहन अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला परिवहन कार्यालय द्वारा आम जनता की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए एवं सड़क सुरक्षा में जागरूकता लाने के प्रयास से 26 जुलाई 2023 बुधवार को जनपद पंचायत कार्यालय मनोरा के सभाकक्ष में लर्निंग लाइसेंस जारी किये जाने के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला परिवाहन अधिकारी ने बताया है कि 26 जुलाई दिन बुधवार को जिला परिवहन कार्यालय जशपुर पूर्ण रूप से बंद रहेगी। किसी भी प्रकार का शासकीय कार्यों का संपादन नहीं किया जायेगा। उन्होंने समस्त आवेदकों से अपील की है कि लर्निंग लाइसेंस के लिए किसी भी लोक सेवा केन्द्र और च्वाईस सेंटर से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या परिवहन विभाग की वेबसाइट से स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं एवं 26 जुलाई 2023 का स्लॉट, अपॉइंटमेंट लेकर मनोरा में उक्त तिथि को आवेदन के साथ उपस्थित होकर इस शिविर का लाभ ले सकते हैं।

### जिले के सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में फोर्टिफाइड राइस का किया जा रहा वितरण

* पोषक तत्व से भरपूर है चावल
* प्लास्टिक नहीं फोर्टिफाइड चावल है, भ्रामक एवं अफवाह खबरों से बचें

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

छत्तीसगढ़ में महिलाओं व बच्चों में कुपोषण और एनीमिया की स्थिति को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने खास तरह के चावल का वितरण किया जा रहा है। विकासखंड पत्थलगांव के सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में फोर्टीफाइड चावल भेजा जा रहा है। यह प्लास्टिक नहीं है। फूड इंस्पेक्टर आलोक कुमार टोप्पो ने पत्थलगांव में हो रही सेहत से खिलवाड़, राशन दुकान में प्लास्टिक राइस बेचने का आरोप के मीडिया में आई खबरों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में सभी शासकीय स्कूलों के मध्यान भोजन हेतु फोर्टीफाइड चावल भेजा जा रहा था इस चावल में फोलिक एसिट, आयरन विटामिन आदि पोषक तत्व मिले हुए हैं। अप्रैल 2023 से सभी राशन दुकान में फोर्टीफाइड चावल वितरित किया जा रहा है। इसमें राशन कार्ड धारियों को डरने की जरूरत नहीं है फोर्टीफाइड चावल में फोलिक एसिट, बी 9, बी 12, जिंक आयरन आदि पोषक तत्व मिले होते हैं। इस कारण शासन के द्वारा जिले के समस्त राशन दुकानों में फोर्टिफाइड चावल वितरण हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं किसी प्रकार की प्लास्टिक चावल नहीं है। भ्रामक और अफवाह खबरों से सतर्क रहें। फोर्टिफाइड चावल के सेवन से कोई नुकसान नहीं है बल्कि पौष्टिक आहार से भरपूर है।

### जिला अस्पताल में निःशुल्क गुर्दा रोग जांच एवं परामर्श चिकित्सा कैम्प का आयोजन 28 जुलाई को

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जिले के दूरस्थ वनांचल आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के आम नागरिकों को चिकित्सा लाभ हेतु गुर्दा रोग विशेषज्ञ द्वारा गुर्दा से संबंधित बीमारी का ईलाज एवं परामर्श हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1 दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा कैम्प 28 जुलाई 2023 को राजा देवशरण जिला अस्पताल जशपुर में समय सुबह 11 बजे से 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### जिले में 1 जून से अब 311.1 मिमी वर्षा

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 311.1 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 25 जुलाई तक औसत वर्षा 404.8 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 0.2 मिमी वर्षा हुई है।

भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 334.5 मिमी, मनोरा में 390.1 मिमी, कुनकुरी में 372.0 मिमी, दुलदुला में 339.9 मिमी, फरसाबहार में 163.4 मिमी, बगीचा में 375.0 मिमी, कांसाबेल में 159.7 मिमी, पत्थलगांव में 298.6 मिमी एवं सन्ना में 367.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में दर्ज की गई है।

## 1 से 13 अगस्त तक जिले में होगा वजन त्यौहार

**रायपुर ।** जिले में प्रदेशव्यापी वजन त्यौहार के अंतर्गत 1 से 13 अगस्त तक सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार मनाया जाएगा। इसमें 0 से 06 वर्ष तक सभी बच्चों का वजन लेकर कुपोषण की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाएगा। 0 से 06 वर्ष के सभी बच्चों का वजन क्लस्टरवार तिथि का निर्धारण करते हुए क्लस्टर के चिन्हांकित आंगनबाड़ी केन्द्रो में किया जाएगा। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने सभी पालकों से आंगनबाड़ी केन्द्र जाकर वजन कराने का आग्रह किया है। इस आयोजन के माध्यम से कुपोषण की स्थिति का सही आकलन होगा और कुपोषण कम करने के लिए जन जागरूकता लाई जाएगी और कार्ययोजना भी बनाई जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज बच्चों के अलावा वजन त्यौहार आयोजन के समय बाहर से आए बच्चे भी वजन लेने से वंचित न रहे यह भी सुनिश्चित किया जाएगा। वजन त्यौहार के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों में 6 वर्ष से कम आयु बच्चों के पोषण स्तर का आकलन के साथ ही बच्चों की निःशक्तता की स्थिति के बारे में जानकारी ली जाएगी। इससे स्थान विशेष और वर्गों में कुपोषण की पहचान होगी और किन स्थानों पर, किन कारणों से कुपोषण अधिक है यह स्पष्ट हो सकेगा। इससे उस स्थान या वर्ग के लिए विशेष योजना बनाई जा सकेगी। साथ ही बच्चों के पोषण स्तर के बारे में अभिभावकों को अवगत कराते हुए उन्हें कुपोषण के संबंध में जागरूक कर, बच्चों को कुपोषण से बाहर लाने हेतु उचित परामर्श दिया जाएगा। महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम के अधिकारी ने बताया कि वजन त्यौहार के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु पर्वेक्षक परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी पंचायत और वार्ड में जनप्रतिनिधि, संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्व.सहायता समूहों के सदस्यों, मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, शालेय शिक्षक एवं अन्य सहयोगियों की आयोजन में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कराने के प्रयास किए जा रहे है।




## शा.उ.मा.वि. बर्रा में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

हायर सेकेण्डरी के छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र में मतदान की महता के बारे में दी गयी जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



मतदाता जागरूकता, स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत आज विधानसभा क्षेत्र खरसिया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बर्रा में आज मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। जिसमें हायर सेकेंडरी बर्रा के सभी अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने अपनी भागीदारी निभाई। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार साहू ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में हायर सेकेंडरी के छात्र-छात्राओं सहित नवीन मतदाताओं को लोकतंत्र में मतदान के महत्व विषय पर चर्चा किए। हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ कुछ जिज्ञासा के प्रश्न भी इस मंच पर साझा किये, जिनके उत्तर पाकर छात्र संतुष्ट हुए। इस दौरान विकासखंड स्तरीय मध्यान्ह भोजन के नोडल अधिकारी गुलाब सिंह कंवर ने स्वर्णचित कविता के माध्यम से मतदाता जागरूकता संबंधी संदेश दिए। स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी साहू ने नए मतदाताओं के चिन्ह अंकन एवं सुगम मतदान पर विस्तृत चर्चा कर अपने विचार रखे।

सभी बूथ लेवल ऑफिसर को उन्होंने एक भी नए मतदाता पंजीयन से ना छूटे इस हेतु विशेष ध्यान से नए मतदाताओं का चिन्ह अंकन एवं पंजीयन करने की बात कही। साथ ही उन्होंने एक जागरूक मतदाता की तरह मतदान की प्रक्रिया में प्रत्येक मतदाता को भाग लेने को कहा। मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए शत-प्रतिशत मतदाताओं को मतदान करने की अपील किये। अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को घर में जाकर अपने पालकों एवं घर के सदस्यों से मतदाता जागरूकता के संबंध में आयोजित इस कार्यक्रम के संबंध में चर्चा करने की बात कही। इस मौके पर शिक्षिका सोनम साव सहित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बर्रा के अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।




## क्लब स्तर पर आयोजित छह दिवसीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

पूरे प्रदेश में छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बेहद जोश और उत्साह के साथ प्रतिभागी अपने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। जशपुर जिले में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का क्लब स्तरीय प्रतियोगिता 17 जुलाई 2023 को हरेली के दिन से प्रारंभ किया गया है।



छत्तीसगढ़िया ओलंपिक जिले में 6 दिवस के पश्चात् 22 जुलाई 2023 को समाप्त हुआ है। क्लब स्तर के प्रतियोगिता के बाद जोन स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 31 जुलाई तक किया जाएगा। जिसमें कुल 8 कल्बों को मिलाकर एक जोन बनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में पारम्परिक 16 खेल विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इन खेल विधाओं में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, रस्सी-कस्सा, बाटी, फुगड़ी, भंवरा, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, संकली, लंबी कूद, गेड़ी दौड़, 100 मी दौड़ और बिल्लस सहित दो नये खेल शामिल है। प्रतियोगिता तीनवर्गों में आयोजित की जा रही है। पहला 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा 18 से 40 वर्ष की आयु तक एवं तीसरा 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तक महिला और पुरुष दोनों वर्ग में शामिल है।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव में सेक्टर सुपरवाइजर का साप्ताहिक हुआ आयोजित

* ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस आयोजन एवं टीकाकरण के संबंध में दी गई जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



पत्थलगांव विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सभी सेक्टर सुपरवाइजर का साप्ताहिक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस आयोजन, ग्रामों का विजिट, टीकाकरण सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में सभी अभिभावकों को टीकाकरण के 7 संदेश दिए गए और टीकाकरण सत्र में टीका आवश्यक लगवाने के लिए कहा गया। साथ ही टीकाकरण की पालकों को कौन सा टीका किस बीमारी से बचाव के लिए दिया जाता है और टीका कब-कब दिया जाता है संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में टीकाकरण कार्ड को सुरक्षित रखने और टीकाकरण के लिए आने पर साथ लाने, छह माह तक केवल स्तनपान करने, हाथ की सफाई स्वच्छता, मिशन इंद्रधनुष अंतर्गत छुटे हुए बच्चों लेफ्ट आउट एवं ड्राप आउट बच्चों का हेड काउंट सर्वे, मौसमी बीमारियों के संबंध में समुचित व्यवस्था एवं तैयारी के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही सर्पदंश के मरीजों को तत्काल अस्पताल भेजने तथा झाड़ फूंक बैगा गुनिया से इलाज ना कराने हेतु समझाईश दी गई। इस दौरान क्षेत्र के बैगाओं को बैठक में लाने के लिए निर्देशित किया है।

## सरकार और विधायकों को देना होगा 5 साल का पूरा हिसाब-सुनील

* कुशासन विरोधी परिवर्तन रैली में शामिल हुए सुनील रामदास

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




कांग्रेस सरकार के 5 साल के कार्यकाल से उपजे असंतोष की आवाज बन भाजपा सभी विधानसभाओं मे विधायकों का घेराव कर जनता से किये वादों का हिसाब मांग रही है। इसी कड़ी मे नगर विधायक प्रकाश नायक के विरोध में मंगलवार को दोपहर दो बजे प्रदेश बीजेपी नेता अनुराग सिंहदेव व प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व मे सैकड़ों की संख्या मे विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को लेकर रैली निकाल कर नगर पालिक निगम का घेराव किया गया। इस पूरे प्रदर्शन मे बीजेपी नेता सुनील रामदास भी पूरे जोश ओ खरोश में नजर आये। आंदोलन की कमान थामे भाजपा नेताओं के कंधे से कंधा मिलाकर सुनील रामदास अग्रिम पंक्ति में खड़े नजर आये। विरोध प्रदर्शन व नगर पालिक निगम घेराव में शामिल बीजेपी नेता सुनील रामदास ने कहा कि कांग्रेस को जिस विश्वास के साथ जनता ने सत्ता सौंपी थी। कांग्रेसी विधायकों व नेताओं ने जनविश्वास को निराशा और आक्रोश मे बदल दिया है। स्वार्थपूर्ति को प्राथमिकता देकर जनता को गोबर तथा गौठान मे उलझाते हुए सरकार और विधायकों ने मनमाना रवैया बरकरार रखा। सुनील ने कहा कि शहर मे गौठानों की दुर्दशा हो या जनता को पानी तथा सड़क की समस्या,हर जरुरत के लिए सड़क पर उतरना पड़ रहा है जो कांग्रेस के कुशासन की जीवंत मिसाल है। झूठी घोषणाओं और वादों के जरिये सत्ता में आई कांग्रेस व उनके विधायक जन अपेक्षा के विपरीत विकास छोड़ अपने कुशासन और भ्रष्टाचार के लिए देश भर में कुख्यात हो गये हैं। सुनील ने कहा कि बीजेपी ने कांग्रेस को पूरे 5 साल का समय दिया। लेकिन भ्रष्ट विधायक व सरकार ने अपना रवैया नहीं बदला तो केन्द्रीय जांच एजेंसियों को भ्रष्टाचार उजागर करने बार बार छत्तीसगढ़ आना पड़ा तो बीजेपी भी जनता की आवाज बन अब सड़क पर उतरकर जनता से किये वादों और घोषणाओं के साथ विधायकों से उनके कामकाज का हिसाब मांग रही है। मंगलवार को भाजपा कार्यालय से रैली की शक्ल में निकले भाजपा नेताओं ने विरोध की तख्ती थामे नारेबाजी करते हुए विधायक व सरकार के खिलाफ नगर निगम कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान युवा नेता सुनील रामदास भी विरोध के स्वर बुलंद करते हुए विरोध प्रदर्शन में डटे नजर आये।

रोका-छेका धरातल पर शून्य, शासन प्रशासन वाहवाही लूटने तक सीमित

# गोठान खाली,सड़क बना मवेशियों का डेरा-मुदलियार



जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।

कांग्रेस सरकार की महत्वपूर्ण योजना रोका-छेका अब धरातल पर दम तोड़ती दिखाई देने लगी है। गोठान खाली है मवेशियों के डेरा सड़क बन गया है।

सरकार और प्रशासन महज वाह वाही तक सीमित होकर रह गई है उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने कही है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जिलाध्यक्ष मुदलियार ने रोका छेका योजना को फ्लॉप और भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ना बताया है। वहीं मुदलियार ने गोठान को विफल बताते हुए कहा कि दिन.रात सड़कों पर मवेशियों का डेरा जमा रहता है। मुख्य मार्ग पर विचरण करते मवेशी लोगों के लिए हादसा का खतरा बने हुए हैं। जिले के गोठान खाली पड़े हैं एक भी मवेशी गोठान में नहीं दिखाई देते हैं। निवास ने आगे बताया है कि छत्तीसगढ़ सरकार करोड़ों रुपए के गोठनों के नाम पर घोटाला किया है। इन दिनों गोठान खाली है और इधर सड़कों पर मवेशियों की संख्या इतनी हो गई है कि राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया है। पूरे जिले में रोका-छेका अभियान महज खानापूर्ति ही नजर आ रहा है। आज सरकार हो या फिर स्थानीय विधायक इनका एक सूत्रीय कार्यक्रम है भ्रष्टाचार करना जेब भरना जिसका अंजाम रोका छेका से लेकर हर क्षेत्र में देखने को मिल रहा है।

### शाम के समय बढ़ जाती है परेशानी

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि दिन के वक्त तो मवेशियों का झुंड दूर से दिखाई दे जाता है। इसके चलते वाहन चालक गाड़ियों की रफ्तार पर नियंत्रण कर लेते हैं। लेकिन शाम होते ही मवेशियों का झुंड पूरी सड़क पर ही कब्जा जमा लेता है। इससे वाहन चालकों की परेशानियां बढ़ जाती है। मवेशी को चलते बीजापुर में लगातार सड़क हादसा का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने स्थानीय विधायक विक्रम मंडावी पर आरोप लगाया कि वे सिर्फ भ्रष्टाचार के लिये ही विधायकी कर रहे हैं जिले में विकास को ग्रहण लगा हुआ जिसके जिम्मेदार यहां के विधायक हैं।

## एक नजर

### ग्राम पंचायतों एवं नगर पंचायतों में रोका-छेका का पालन शत प्रतिशत अनिवार्य- जिला पंचायत सीईओ

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।





समस्त ग्राम पंचायतों में रोका-छेका अभियान का शत-प्रतिशत पालन करने हेतु सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं सीएमओ को दिए गए है। इसके साथ ही विफल होने पर पंचायत सचिव के विरूद्ध करवाई करनें के निर्देश जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने दिए है। जिला पंचायत सीईओ जैन ने बताया की रोका छेका अभियान के संबंध में समय-समय पर राज्य शासन के द्वारा दिशा निर्देश प्राप्त होते है। जिले के मुख्य सड़क मार्गो के आस-पास के ग्राम पंचायतो में मवेशियों का जमावड़ा रहता है। जिसके कारण पशुधन की क्षति एवं गंभीर दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। इस पर जैन के द्वारा गहरा चिंता प्रकट करते हुए जनपद पंचायतो को रोका-छेका अभियान को सफल बनाने हेतु कड़ा निर्देश जारी किया गया है। ऐसे ग्राम पंचायत जो मुख्य सड़क मार्ग के समीप है और मवेशियों का जमावड़ा पाया जाता है तो ऐसे ग्राम पंचायत सचिव के विरूद्ध पंचायत सिविल सेवा आचरण नियम के अनुसार कठोर कार्रवाई किया जावेगा। इसके साथ ही सभी जनपद पंचायत सीईओ को फील्ड में जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए है।

### बेंगलूर में युवक कांग्रेस के महाअधिवेशन में डॉ. चौलेश्वर चंद्राकर होंगे सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।



बेहतर भारत की बुनियाद की नींव रखने के मकसद से भारतीय राष्ट्रीय युवक कांग्रेस का तीन दिवसीय सबसे बड़ा महाअधिवेशन बेंगलूर में 26 जुलाई 2023 बुधवार से तीन दिनों तक चलने इस महाधिवेशन में देश में फैली नफ रत महंगाई,बेरोजगारी और तमाम मुद्दों की खिलाफ रखी जायेगी संघर्ष की बुनियाद इस महाअधिवेशन में अखिलभरतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित देश भर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे 26 जुलाई से 28 जुलाई तक चलने वाले इस महाअधिवेशन में राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में साथ चलने वाले छत्तीसगढ़ के भारत यात्रियों को सम्मानित किया जावेगी। भारत जोड़ो यात्रा में प्रारंभ से लेकर अंत तक राहुल गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर पद यात्रा करने वाले छत्तीसगढ़ से छ.ग.प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग रायपुर के अध्यक्ष डॉ.चौलेश्वर चंद्राकर भी सम्मानित होंगे डॉ.चौलेश्वर चंद्राकर सम्मानित करने बेंगलूर के महाअधिवेशन में शामिल होने आमंत्रित किया गया है डॉ.चौलेश्वर को राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा सम्मानित होना छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है।

### देवादा मे छतीसगढीओलम्पिक का आयोजन हुआ

**पाटन** । ग्राम देवादा में राजीव युवा मितान क्लब के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ी ओलंपिक का आयोजन किया गया । जिसमें सामूहिक एवं एकल एकल श्रेणी के सभी तरह के पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया । जिसमे खो खो, पिट्ठूल, कबड्डी ,फुगड़ी जैसे खेलों पर प्रतियोगिता कराया गया। इस आयोजन में राजीव युवा मितान क्लब के समस्त अधिकारी एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफ्ल बनाने के लिए अपना योगदान दिये । सफल रूप से खेलों का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में ग्राम के बच्चों से लेकर बुजुर्ग वर्ग के लोगों द्वारा छत्तीसगढ़ी ओलंपिक का आनंद लिया।

विधानसभा निर्वाचन-2023

## मतदाता जागरूकता के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में ई.व्ही.एम. एवं वीवीपैट का प्रदर्शन




**दंतेवाड़ा** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन ई.व्ही.एम. एवं वीवीपैट का प्रदर्शन जिले के विभिन्न स्थानों में लगातार जारी है। जिले के आम नागरिकों को ई.व्ही.एम. में अपने मताधिकार के कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी दी जा रही है। किसी कार्य से कलेक्ट्रेट में आए ग्रामीणों के द्वारा ईव्हीएम मशीन और व्हीव्हीपैट के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही साथ अपने पसंदीदा उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह में वोट देने और कोई उम्मीदवार को वोट नहीं देना चाहती तो नोटा बटन के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। ई.व्ही.एम. मशीनों के जागरूकता कार्यक्रम के तहत कोई भी नागरिक स्वयं ई.व्ही.एम. मशीन का प्रयोग कर मशीन संचालन के संबंध में किसी भी प्रकार की जिज्ञासाओं का समाधान कर सकते हैं।

## भारी वाहन नो एंट्री व स्कूल समय निर्धारण हेतु एसडीएम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-तमनार।



केलो बनांचल औद्योगिक क्षेत्र तमनार में लगातार हो रही दुर्घटना बेलागम बेतरतीब भारी वाहन पर अंकुश लगाने व्यवस्थित आवागमन एवं स्कूल खुलने बन्द होने के समय नो एंट्री लगाने व सभी शासकीय अशासकीय स्कूल संचालन समय निर्धारण हेतु जनपद तमनार में एसडीएम घरघोड़ा ऋषा ठाकुर की अध्यक्षता में तहसीलदार रिचा सिंह टीआई आशीर्वाद राहटगांवकर,ट्रेलर यूनियन,व्यापारी संघ,स्कूल व औद्योगिक प्रबंधन एवं गणमान्य नागरिक,पत्रकारगणों की उपस्थिति में बैठक आयोजित किया गया।

तमनार में बेलागम बेतरतीब भारी वाहन की तेज रफ्तार,हर दिन चक्का जाम,स्कूली छात्रों ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी,स्कूल संचालन समय, धीमी गति से सड़क निर्माण,बायपास सड़क की मांग सहित अन्य मुददो पर चर्चा परिचर्चा की गई।

स्कूल संचालन समय 9. 45 से 4 बजे नो एंट्री 9 बजे से 11 बजे एवं 3 से 6 बजे तक शनिवार 6 से 8:30 एवं 10:30 से 12: 30 तक रहेगा। एसडीएम ऋषा ठाकुर ने कहाकि क्षेत्र में भारी वाहनों से दुर्घटनाएं घट रही है दुर्घटनाओं की रोक आवागमन बेहतर बनाने गति सीमा बोर्ड, नो एंट्री पालन एवं सभी स्कूलों का संचालन समय एकरूपता कर स्कूल खुलने व बन्द होने समय निर्धारण किया गया। यातायात नियमो का उल्लंघन,नो एंट्री का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्राम पंचायत व पशुपालको को अपने गौवंश की संरक्षण संवर्धन हेतु गौठान में नियमित रखने आग्रह किया। ट्रेलर यूनियन द्वारा सुव्यवस्थित आवागमन की व्यवस्था हेतु 50 युवाओं को तैनात किया जाएगा।

## तेजी से फैल रहे आई-फ्लू से बचाव हेतु जिले वासियों से की गई अपील

### आवश्यक उपचार व सावधानी रखकर आई-फ्लू से खुद को रखा जा सकता है सुरक्षित

### लक्षणग्रस्त व्यक्ति तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर डॉक्टर से कराएं उपचार

**कोरबा** जिले में हो रही अनिश्चित बारिश एवं उमस के बीच लोगों में आई-फ्लू का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। एक-दूसरे के संपर्क में आने से स्कूली बच्चों एवं उनके परिवार के सदस्य भी आई-फ्लू से संक्रमित हो रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन 20-25 आई-फ्लू के मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि आई-फ्लू से संक्रमित मरीजों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। चिकित्सकीय उपचार एवं आवश्यक सावधानी बरतने से यह रोग कुछ दिनों में ठीक हो जाता है। उन्होंने आई-फ्लू संक्रमण के लक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस संक्रमण से मरीज की आंखों में सूजन और दर्द के साथ आँखे लाल होना, एक या दोनो आँख में जलन या खुजली होना, आँखों से असामान्य रूप से अधिक आँसू तथा सफेद गाढ़ा डिस्चार्ज निकलना, आँखो में किरकिरी महसूस होता है। सीएमएचओ ने कहा कि आई-फ्लू के संक्रमण से कुछ सावधानियाँ अपनाकर बचा जा सकता है। आँखों में इन्फेक्शन होने पर उसे बार-बार मत छूएं, आँख से पानी आने की स्थिति में उसे पोंछने के लिए साफटिश्यू का इस्तेमाल करें, जिसे दोबारा प्रयोग में नहीं लाएं। साथ ही आंख साफ करने के लिए रूमाल का उपयोग करने पर उसी रूमाल से दूसरी आँख साफ ना करें, इससे संक्रमण फैलने का खतरा रहता है। अपनी आँखों को साफ ठंडे पानी से निरंतर धोते रहें एवं समय-समय पर अपना हाथ भी साफ करते रहें।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बना अवैध उगाही का अड्डा

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।




जिले में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लैलूंगा फिर एक बार फि र अवैध उगाही को लेकर सुर्खियों में बना हुआ है। एक ओर जहां शासन प्रशासन आम लोगो की सहूलियत के लिए जाति निवास और जन्म प्रमाण पत्र के कार्यों को इतना आसान कर रही है की किसी भी ग्रामीण को इसके लिए चक्कर नही लगाने पड़े और समय पर उनका काम पूरा हो जाए पर रायगढ़ जिले के लैलूंगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जन्म प्रमाणपत्र के लिए अवैध वसूली वशूली का काला खेल लगातार जारी है। आपको बता दे की अस्पताल में जन्म लेने वाले शिशुओं का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। इसके लिए कोई शुल्क निर्धारित नहीं है। बावजूद इसके ग्रामीणों से 500 रुपए लिए जा रहे हैं। और जो भी रुपए नहीं देता है। उससे चक्कर लगवाए जाते हैं। इस मामले का एक वीडियो सामने आया है। जिसमे ग्रामीण अपने साथ हुए इस घटनाक्रम की जानकारी दे रहा है और बता रहा है कि लैलूंगा अस्पताल में जब वो जन्म प्रमाण पत्र लेने पहुंचा तो उससे 5 सौ रुपए की मांग की गई। और जब तक रुपए नहीं दिया गए तब तक उसे जन्म प्रमाण पत्र नहीं दिया गया। ग्रामीण ने अस्पताल के कर्मचारी रितेश पटेल पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसका नाम प्रदीप कुमार चौहान है और वो लैलूंगा ब्लाक के घटगांव का निवासी है। जो बीते दिन अपने बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र लेने लैलूंगा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गया हुआ था तो जन्म प्रमाण पत्र और दवाई वितरण करने वाले कर्मचारी रितेश पटेल ने उससे जन्म प्रमाण पत्र देने के नाम पर 5 सौ रुपयों की मांग की और रुपए नहीं मिलने तक उसे खड़ा रखा जिसके बाद ग्रामीण ने जब उसे 5 सौ रुपए दिए तब उसने जन्म प्रमाण पत्र दिया। बताया जा रहा है की अस्पताल के उक्त कर्मचारी के द्वारा ग्रामीणों से अवैध वसूली की जाती है जिससे क्षेत्र के ग्रामीण काफ ी ज्यादा परेशान है।

*** दवाई वितरण कर्मचारी रितेश पटेल को जगह से हटा दिया गया है जांच की जाएगी।**

**डॉ.लखन पटेल,विकास खंड चिकित्सा अधिकारी लैलूंगा**

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत बुजुर्गों का गमछा और श्रीफल से सम्मानित किया-जनपद सदस्य मीनू

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम सोनादह में जनपद पंचायत सदस्य मोहन कुमारी साहू ने महिला स्व सहायता समूह को उन्नमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया बुजुर्गों का गमछा और श्रीफल से सम्मानित भी किया गया।



जिसमें संगठन के उद्देश्य प्रार्थना परिचय समूह के 11 सूत्र समूह सदस्यों की व्यवहार एवं कार्यशैली निष्क्रिय समूह का सक्रिय करने का गतिविधि की जानकारी हमारे बिर्रा कलस्टर के द्वारा जानकारी दिया गया एफआईसीआर रश्मि कहरा कांति प्रभा कश्यप आरबीके खेम लता, सक्रिय महिला शकुंतला चन्द्रा,नवजीता, सुशीला चन्द्रा, पूर्णिमा, केकती, सुशीला बर्मन उत्तरी बाई धरमीन बाई रामेश्वरी, सुनीता कश्यप दीप ज्योति ग्राम संगठन ग्राम सोनादह के सभी महिला स्व सहायता समूह के बहनों ने उपस्थित थे।

किसान नेता योगेश तिवारी ने कांवरियों के लिए की भोजन की व्यवस्था

## बोल बम का नारा है, बाबा एक सहारा है का उद्घोष करते हुए खिलोरा से भोरमदेव के लिए रवाना हुए कावड़ी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

विशेष पूजा अर्चना कर कावंड़ियों को किया रवाना




बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खिलोरा से मां मौली कांवड़ यात्रा समिति के तत्वाधान में ग्राम खिलोरा समेत आसपास के गांव के सैकड़ों शिव भक्तों ने कावड़ यात्रा निकाली। ग्राम खिलोरा से कावड़ यात्रा शुरू होकर बेमेतरा जिला मुख्यालय होते हुए भोरमदेव पहुंची।

जहां कांवड़ियों ने पवित्र जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। गांव से कावड़ यात्रा निकलने के दौरान किसान नेता योगेश तिवारी उपस्थित थे । यहां उन्होंने कावड़ियों की वेशभूषा में भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना कर कांवड़ियो को भोरमदेव के लिए रवाना किया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के लोगों की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। किसान नेता की ओर से कांवड़ियों के लिए गांव में भोजन की व्यवस्था की गई थी। कांवरिया गाजे-बाजे के साथ भगवान शिव के भजनों पर झूमते हुए भोरमदेव के लिए रवाना हुए। इस दौरान भगवान शिव के जयकारा से माहौल शिवमय हो गया। कांवड़ि, बोल बम का नारा है, बाबा एक सहारा है उद्घोष से कर रहे थे। मां मैली मन्दिर में सभी कांवड़ यात्रियों को श्रीफ ल देकर सम्मान कर कावंड़ यात्रा का गांव भ्रमण कर रवाना किया।

इस दौरान दीपांशु साहू, राहुल साहू, दीपक साहू, मिथलेश साहू, धनेश साहू, रामचरण, नितेश, ओभन दादू, योगेश, दीपक, भानु, दिलेश्वर, ईश्वर, रूपेन, अवध, गिरवर, उमेन, पोषण, रेवेंद्र, करण, राहुल कुमार, लल्लू, रोशन, सुरेंद्र कुमार, भोला, गुड्डा, अशोक, दिलेश, बल्ला, अजय मिश्रा, पीयूष शर्मा, मनोज सिन्हा, मनोज पटेल, केशलाल साहू, नरेश राय, बलराम आदि उपस्थित थे ।

# धरमजयगढ़ बीजेपी ने घेरा विधायक निवास, सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

* विधायक लालजीत को बताया भ्रष्ट विधायक










जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के साथ-साथ राजनीतिक घटनाक्रमों के तेजी से बदलने का सिलसिला शुरू हो गया है। एक तरफ सत्तापक्ष विकास व अन्य मुद्दों पर अपनी सफलता को प्रचारित कर रही है तो दूसरी ओर विपक्ष भी सक्रिय हो गई है और प्रदेश सरकार पर आरोपों की बौछार करते हुए लगातार हमले बोल रही है। इस कड़ी में मंगलवार को बीजेपी ने प्रदेश भर में अपने क्षेत्रीय विधायक निवास का घेराव किया। इस प्रदेशव्यापी आंदोलन में रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ में भी मंगलवार को बीजेपी के दिग्गज नेता व सैकड़ों कार्यकर्ता एकजुट हुए और धरमजयगढ़ विधायक निवास का घेराव किया। इस प्रदर्शन में जिले के अलावा कोरबा के कुछ बड़े बीजेपी नेता भी शामिल हुए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक धरमजयगढ़ के बस स्टैंड में बीजेपी वक्ताओं ने जनता को संबोधित किया जिसमें उन्होंने प्रदेश सरकार की नीतियों को असफल बताते हुए जमकर नारेबाजी की। इस दौरान बीजेपी के धरमजयगढ़ मंडल अध्यक्ष गोकुल नारायण यादव, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम पटेल, डीडीसी संतोष राठिया, रामनाथ बैगा, हरिश चंद राठिया, रजनी राठिया, लीनव राठिया, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष महेश चैनानी एवं स्थानीय पदाधिकारियों ने एक बार फिर उन्हीं मुद्दों को लेकर स्थानीय विधायक को घेरा जिन मुद्दों पर कुछ समय पहले उन्होंने धरमजयगढ़ के सीएम पार्क में प्रेस वार्ता की थी। जिसके बाद बीजेपी नेता व कार्यकर्ता स्थानीय विधायक निवास पहुंचे और वहां सरकार के खिलाफ कई आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिस की चाकचौबंद व्यवस्था रही। धरमजयगढ़ एसडीओपी दीपक मिश्रा खुद इस कार्यक्रम के दौरान अंत तक वहां मौजूद रहे।

## एक नजर

### रोका-छैका अभियान के अन्तर्गत गोठानों में हुई गोठान समितियों, ग्रामीणों सहित कृषकों एवं पशुपालकों की बैठक

पशु चिकित्सा शिविरों में पालतू मवेशियों का किया गया उपचार

**जगदलपुर** । जिले में रोका-छैका अभियान के अन्तर्गत 6 से 31 जुलाई तक गोठान स्तर पर पशु चिकित्सा विभाग द्वारा स्व सहायता समूहों, गोठान प्रबंधन समितियों, ग्रामीणों सहित कृषकों एवं पशुपालकों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दरम्यान पशु चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी। साथ ही गोठानो में 6 जुलाई से 24 जुलाई 2023 तक की अवधि में आयोजित पशु चिकित्सा बहुउद्देशीय शिविरों में 3191 पशुओं का उपचार सहित 270 बधियाकरण, 66 कृत्रिम गर्भाधान के साथ ही 5503 कृमिनाशक उपचार के अलावा 6914 पशुओं के लिए औषधि वितरित किया गया। वहीं इस दौरान किसानों और पशु-पालकों को पालतू मवेशियों के आहार हेतु समझाईश देकर 27 पैरा उपचार यूरिया प्रदर्शन किया गया। संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जगदलपुर ने बताया कि इस दौरान फसल को चराई से बचाने हेतु पशुओं को प्रतिदिन गोठानो में लाने हेतु किसानों और पशु-पालकों एवं ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। साथ ही गोठानों में नियमित रूप से गोबर विक्रय करने की समझाईश दी गई।

### सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत पेंशन योजनाओं की पेंशन राशि में वृद्धि

**दन्तेवाड़ा** । जिले के पेंशनधारी हितग्राहियों के लिये अच्छी खबर है कि सामाजिक सहायता कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित पेंशन योजनाओं की पेंशन राशि में वृद्धि की गई हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत निराश्रित पेंशन धारियों को अब प्रतिमाह 350 रूपए की जगह 500 रुपए स्वत: के खाते में प्राप्त होगी। जिसमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 1826, सुखद सहारा पेंशन योजना के 815, मुख्यमंत्री पेंशन योजना के 8222, वृद्धावस्था पेंशन योजना के 6297, विधवा पेंशन योजना के 5729 और दिव्यांग पेंशन योजना के 745 हितग्राही लाभान्वित होगें। जिला दंतेवाडा अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिमाह पेंशन धारियों को प्रतिमाह पेंशन राशि का भुगतान किया जाता है। शासन के निर्देशानुसार माह जुलाई 2023 से बढ़ी हुई दर पर पेंशन राशि उनके खातों में स्थानांतरित की जायेंगी।

### सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति

**दंतेवाड़ा** । छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार, सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के आश्रितों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किये जाने के प्रावधान के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दन्तेवाड़ा द्वारा नायब तहसीलदार के जांच प्रतिवेदन के आधार पर तहसील दन्तेवाड़ा के घायल मृतक के वारिस ग्राम पोटाली कुंजामपारा निवासी श्रीमती हिडमे कुंजाम एवं ग्राम हीरानार गागरूपारा श्री मयाराम नाग को 25-25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है।

### इग्नू के अध्ययन केन्द्र शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर में प्रवेश 31 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**जगदलपुर** । इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के अन्तर्गत अध्ययन केन्द्र शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर कोड क्रमांक 1509 में जुलाई 2023 सत्र के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के संकायों एवं डिप्लोमा कोर्स हेतु फ्रेश एवं रि-रजिस्ट्रेशन प्रवेश बिना विलम्ब शुल्क के आगामी 31 अगस्त 2023 तक इग्नू के वेबसाइट www.ignou.ac.in में जाकर ODL के अन्तर्गत प्रवेश ले सकते हैं। समन्वयक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार स्नातक उपाधि में बीए व बीकाम, स्नातकोत्तर उपाधि हेतु अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, ग्राम विकास, समाज कार्य, वाणिज्य और स्नातकोत्तर डिप्लोमा में ग्राम विकास एवं आपदा प्रबंधन तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रम के तहत पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा में डिप्लोमा और प्रमाण पत्र कार्यक्रम के तहत आपदा प्रबंधन में प्रवेश लिया जा सकता है।

## बिमड़ा बाजारडांड़ में नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन

# शिविर में आयुर्वेद पद्धति से 291 एवं होम्योपैथी पद्धति से 176 मरीजों की चिकित्सा की गई

***आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में 126 को योगाभ्यास एवं 154 हितग्राहियों को काढ़ा वितरण किया गया***

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला में आयुष विभाग के अंतर्गत आयुष पॉलीक्लीनिक, आयुषविंग, स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर, आयुर्वेद, होम्योपैथी औषधालय, सीएचसी, पीएचसी में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी संस्था संचालित है। जिसके माध्यम से पंचकर्म क्रिया के द्वारा रोगियों को ईलाज करके नि:शुल्क औषधि वितरण किया जा रहा है।

आयुष विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में विगत सप्ताह में कुल 2757 रोगियों को औषधि वितरण कर नि:शुल्क उपचार किया गया साथ ही पंचकर्म क्रिया नाड़ी स्वेद, सर्वांग स्वेद, नस्य एवं शिरो धारा के द्वारा 52 रोगियों की चिकित्सा की गई। विभाग द्वारा मुख्य रूप से जीर्ण वात व्याधि, ज्वर, संधिवात, त्वक विकार, पाददाह, गृध्रासी, जीर्ण श्वास रोग, दौर्बल्यता, जीर्ण काश रोग एवं उदर रोग की सफलता पूर्वक चिकित्सा की गई। साथ ही हाट बाजार एवं सियान जतन क्लीनिक के माध्यम से 118 रोगियों की चिकित्सा की गई। उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 3 आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर संचालित है। जहां संस्थाओं में 126 हितग्राहियों को योगाभ्यास कराया गया है। साथ ही 154 हितग्राहियों को काढ़ा वितरण कराया गया। इसके साथ ही सूचना, शिक्षा एवं संचार के माध्यम से पाम्पलेट द्वारा भी लोगों को अधिक संख्या में आयुष चिकित्सा पद्धति द्वारा उपचार हेतु सफलता पूर्वक जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत् दिवस 19 जुलाई 2023 को बगीचा विकासखण्ड के बिमड़ा बाजारडांड़ में नि:शुल्क विकासखण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से रोगियों को नि:शुल्क औषधि वितरण कर ईलाज किया गया। विकासखण्ड स्तरीय शिविर में मुख्य रूप से जीर्ण वात व्याधि, त्वक रोग, स्त्री रोग, शिरो रोग, मनो रोग, गठिया वात, हांथ पैर का सूजन, जोड़ों में दर्द, कमर का दर्द, बाल रोग, ज्वर, सर्दी जुकाम, अतिसार, नेत्र रोग, पांडू रोग, हृदय रोग, मधुमेह, अर्श रोग, स्थौल्य रोग आदि रोगों का विशेष रूप से चिकित्सा की गई। शिविर में आयुर्वेद पद्धति से कुल 291 मरीज एवं होम्योपैथी पद्धति से कुल 176 मरीजों की चिकित्सा की गई। इस प्रकार कुल 467 मरीजों की चिकित्सा की गई एवं जनसामान्य को आयुष विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में तथा आयुर्वेद औषधियों के बारे में जानकारी दी गई, संबंधित शिविर का संचालन डॉ. अमरदास पटेल, शिविर प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में किया गया साथ ही डॉ. वृन्दावन आठ्या आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डॉ. नलिनी रंजन बेहरा आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डॉ. विजय पटेल आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डॉ. तुलसीदास पटेल सहायक होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी जयनारायण चेलक आयुर्वेद फार्मासिस्ट, संतन कुमार आयुर्वेद फार्मासिस्ट, जगन्नाथ प्रसाद श्रीवास आयुर्वेद फार्मासिस्ट, असिल टोप्पो औषधालय सेवक, दयाल कुजूर औषधालय सेवक, रिमजियुश टोप्पो औषधालय सेवक, रमेश राठिया पंचकर्म सहायक एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।



### हाट बाजार एवं सियान जतन क्लीनिक से 118 रोगी हुए लाभान्वित



# तीन साल से फरार हत्या का आरोपी गिरफ्तार

जंगल में रहता था आरोपी, एसपी के मार्गदर्शन में बड़ी कार्रवाई



जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

जिला पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी दीपक मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में धरमजयगढ़ पुलिस ने 3 साल से फरार हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ 2020 में हत्या का एक मामला दर्ज किया गया था। जिसके बाद से वह फरार हो गया था। वहीं पुलिस लगातार उसकी खोजबीन में जुटी हुई थी। अब उस हत्याकांड के करीब तीन साल बाद धरमजयगढ़ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस वारदात के बारे में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यह घटना सन 2020 में हुई थी।

पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सोखामुड़ा के परसाटोली गांव का निवासी राम कोरवा पिता रतिराम अपनी पत्नी को गांव के पास के एक कथित बैगा जीतू कोरवा के पास इलाज के लिए लेकर गया था। तब बैगा ने किसी कारण से इलाज करने से इंकार किया। इस बात से नाराज होकर राम ने जीतू पर कुल्हाड़ी के पासा से घातक हमला कर दिया। इस घटना में जीतू की मौत हो गई और आरोपी वहां से फरार हो गया। इस घटना के तीन साल बाद अब मुखबिर के जरिए पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी कोरबा जिले में छिपा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को कोरबा जिले के तानाखार क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी तानाखार के पहाड़ी इलाके में घने जंगल के बीच घर बनाकर रह रहा था। जहां से उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। धरमजयगढ़ थाना प्रभारी अमित तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। जिसमें प्रधान आरक्षक चिंतामणि कुर्रे, आरक्षक विजय राठिया व आरक्षक बीरबल टोप्पो का विशेष योगदान रहा।

# अधिकारियों के संरक्षण में चल रहा रेत का अवैध उत्खनन, रेत माफिया सक्रिय

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

बलरामपुर जिले में प्रशासन की मौन सहमति से एनजीटी लागू होने के वावजूद भी रिजर्व फारेस्ट एरिया से रेत का अवैध उत्खनन कर भंडारण किया जा रहा है एएरेत माफिया के गुर्गे ग्रामीणों को धमकी भी देते है जिससे ग्रामीण डरे हुए है। वहीं खनिज विभाग के अधिकारी विभाग में वाहन की व्यवस्था नही होने का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ते हुए नजर आ रहे है ।





### प्रशासन की मौन सहमति से एनजीटी के वावजूद भी रेत का उत्खनन

आपको बता दे कि छत्तीसगढ़ में इन दिनों एनजीटी लागू है और इस समय नदियों से रेत का उत्खनन पुर्णत: वर्जित है ताकि जलीय जीवजंतुयो को कोई नुकसान न पहुंच सके। लेकिन बलरामपुर जिले में वाड्रफ नगर विकासखंड के तोरफा गांव से बहने वाली मोरन नदी जो कि सूरजपुर और बलरामपुर की सीमा को तय करती है और यह क्षेत्र रिजर्व फारेस्ट के अंतर्गत आता है जहां पर कानून के मुताबिक एक पत्ता भी तोड़ना अपराध की श्रेणी में आता है। वावजूद इसके जिले के फारेस्ट, पुलिस और जिला प्रशासन की मौन सहमति से रेत माफिया इन दिनों नदी से ट्रेक्टर के माध्यम से रेत का अवैध उत्खनन करवा कर गांव में ही उसका भंडारण करवा रहा है।

### ग्रामीणों को जान से मारने की दी जाती है धमकी

लेकिन गांव के ग्रामीण जब रेत उत्खनन का विरोध करते है तो रेत माफिया के गुर्गों द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी जाती है जिससे ग्रामीण भी डरे हुए है। गांव के सरपंच ने बताया है कि रेत माफिया प्रशासन की सह पर मनमानी कर रहा है और सभी नियमों को ताक पर रखते हुए रेत का अवैध भंडारण कर रहा है लेकिन उसपर अभी तक कोई कार्यवाही नही हो सकी है। पुलिस मौके पर आने के बाद रेत माफिया का ही पक्ष लेती है ।

### ग्रामीण सड़क टूटने की कगार पर साथ ही राजस्व की भी चोरी

ग्रामीणों ने बताया कि रेत परिवहन से गांव की सड़क भी टूट रही है जिससे गांव तक एम्बुलेंस भी पहुंचने में दिक्कत होगी और इसके साथ ही शाशन के राजस्व की चोरी भी हो रही है। रेत माफिया द्वारा फिलहाल अवैध तरीके से गांव में रेत का भंडारण करवाया जा रहा है और आने वाले कुछ दिनों बाद रेत को अवैध तरीके से उत्तरप्रदेश में बेचा जाएगा।

### राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है रेत माफिया को

जिला प्रशासन पूरे मामले में तमाशबीन बना रहेगा क्योंकि रेत माफिया को कही न कही राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है और यही वजह है कि अधिकारी भी उसके गलत काम को रोकने में हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं। मामले की जानकारी फारेस्ट विभाग के साथ-साथ पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन को भी है लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई जिससे ग्रामीणों ने नाराजगी भी देखने को मिल रही है

### खनिज विभाग का गैर जिम्मेदाराना जवाब

क्या कहते है खनिज इंस्पेक्टर

*वही इस मामले में बात की गई तो उनके द्वारा कह दिया गया कि हमारे विभाग में फिलहाल कोई शासकीय वाहन ही नहीं है। इसलिए हम कार्यवाही करने नही जा पर रहे हैं। और जब वाहन उपलब्ध होगा तब जायेंगे। इनके विभाग के लचर व्यवस्था से पता चलता है कि किस परेशानी से अधिकारी कर्मचारी काम कर रहे है। जिसके कारण शासन को लाखों का राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in